मालाबार जैसे दूर के प्रान्त में आर्य समाज मुसलमानों के मुकाबले पर छाती ठोक कर खड़ा होता है तो मोपलाओं के पक्षपात अथवा मुसलमानों के विरोध के कारण नहीं किन्तु अन्याय और अत्याचार को रोकने के लिये। ख़्वाजा हसन निज़ामी के गुप्त षड्यन्त्र का भांडा फोड़ा जाता है तो निज़ामी साहिब के प्रतिद्वेष का भाव होने से नहीं किन्तु तबलीग के उस कमीना तरीके के विरुद्ध प्रोटेस्ट के तौर पर है जो धर्म या मजहब के माथे पर कलङ्क का टीका लगाने वाला है। खुले मैदान में पब्लिक तौर पर आर्य्य समाज के सामने विद्वत्ता, सभ्यता एवं गम्भीरता पूर्ण रीति से बहस करके अपने सत्य का सिक्का जमाये बिना टट्टी की आड़ में शिकार करना धर्म वा मजहब के सर्वथा विरुद्ध है। गुप्त केन्द्र बनाना, बेकस. बेबस अनाथों वा अबलाओं को बहकाकर उनमें पहुँचाना, काम-वासना की पूर्ती अथवा अन्य प्रलोभनों से किसी को इसलाम में लाना दीन इसलाम की आन्तरिक त्रुटियों का ही प्रमाण है। दक्षिण के एक दस हज़ार की आबादी वाले पोनाभी नगर में केवल २०० ग़रीब हिन्दू रहते हैं जिन्हें वर्त्तमान मज़हबी प्रापेगेंडा का कुछ ज्ञान नहीं। वहाँ की एक अंजुमन का सैक्रेटरी अपने वार्षिकोत्सव पर बड़े गर्व से घोषणा करता है कि हमने गत वर्ष में १२७४ हिन्दुओं को इसलाम में प्रविष्ट किया और इस से कई गुणा अधिक को पूर्व वर्षों में। ७० हज़ार का सरमाया इस अंजुमन के पास उस समय बताया गया, उसके पीछे अपीलों से न जाने और कितना धन मिल चुका हो। यह भी नहीं कहा जा सकता कि ऐसे कितने और केन्द्र हैं और कहाँ कहाँ, तथापि सिद्धान्त रूप से आर्य-समाज इस प्रकार के मज़हबी काम को इन कर्मचारियों की अविद्या और उनके पतन आदि का हेतु समझता है। बुद्धि शून्य आपत्ति ग्रसित अबला स्त्री को बहकाया, दूर देश में पहुंचाया, रूपवती हुई तो उसका किसी से विवाह कराया अन्यथा कुछ दिन पीछे उसे भिखारी बनाया जाता है तो इससे धार्मिक दृष्टि से सुधार या उपकार क्या हुआ? सम्भव है आर्य-समाज को इन केन्द्रों का पता न लगे अथवा वह इनके विषय में कोई आन्दोलन न करे तथापि सिद्धान्त रूप से इन सब की अधर्म मूलक सत्ता को तिरस्कृत करने से इसे कोई रोक नहीं सकता। कुदरत का ग़ैबी इन्साफ़ हज़ार तरीक से यथार्थ नियम विरुद्ध व्यवहारों के लिये दण्ड देता है। स्वार्थी और पक्षपाती लोग कितने भी गुप्त स्कीम चलावें

हमारा पक्का विश्वास है कि एक ही विद्वत्तापूर्ण शास्त्रार्थ उनके किये धरे को अकार्थ कर सकता है। सारांश यह कि सत्य और विद्या बल के बिना अन्य प्रकार के मज़हबी प्रापेगेण्डों को समाज घृणा की दृष्टि से देखता है। साथ ही समाज उन वैदिक धर्मियों को भी कोसता है जिनका दुर्व्यवहार तथा प्रमाद इन गुप्त तरीकों के लिये साहस बढ़ाता है। पंजाब और यू० पी० के बिछुड़े हुए या अछूतों का उद्धार ही इसे लक्ष्य नहीं मद्रास के मोपला तक का यही सहायक है। ट्रावन्कोर, कोचीन आदि के ईडवा, उडया, पुलया, परया आदि दलित जातियों के दुःख को भी यही अनुभव करने वाला है। क्या यह शोक का स्थान नहीं कि दक्षिण में लाखों ही पढ़े लिखे, सभ्य, सज्जन, जज और बैरिष्टर तक हिन्दुओं के अनुचित व्यवहार के कारण वैदिक धर्म के स्थान में ईसाइयत से प्रेम करने पर वाधित हैं। लाखों हैं जिनके गले में यज्ञोपवीत है, सिर पर चोटी है। वह हिन्दू हैं हिन्दुओं के हैं, रीति नीति हिन्दुआना, नाम और काम हिन्दुओं के, मांस का सेवन तक नहीं करते परन्तु जातीय अभिमान में चूर हिन्दुओं के भय से उन्हें ३०, ६०, और ९० फ़ीट तक दूर रहना पड़ता है कि कहीं उच्च जाति पर साया पड़ने से वह पापी और दण्डनीय न हों जावें। और जब वह स्पर्श करने वा पास बैठने तक के रवादार नहीं तो सहयोग कैसा और उन्नति कहाँ ?

निस्सन्देह आर्य्य-समाज के लिये कार्य्य-क्षेत्र अति विस्तृत है और मानव जाति के लिये यथार्थ हितकर कार्य्य इसके बिना न कोई कर रहा है, न कर सकता है। छोटी-सी सोसाइटी धन का अभाव, काम करने वालों की कमी, हिन्दुओं की फूट और लापरवाही, मुसलमानों की मज़हबी जनून, ईसाइयों की हिकमत अमलियाँ, गवर्नमेण्ट की बदज़नी सब कुछ है, पर यह दृढ़ता से अपना कर्तव्य पाले जाता है। सबका सेवक है। सबसे इसका सहयोग है, परन्तु सत्य और न्याय की दृष्टि से और सबसे इसका विरोध है, अधर्म और असत्य को निर्मूल करने के लिये। एक ईसाई सम्प्रदाय रोमन कैथोलिक के ८ हज़ार मिशन, ५० हज़ार पादरी, ३० हज़ार स्त्री और एक लाख पुरुष काम करने वाले हैं, और सब मत-मतान्तरों के प्रचारक न जाने कितने लाख होंगे, उन सब मतों और प्रचारकों का मुक़ाबिला मुट्ठी भर आर्य्य उपदेशक करते आरहे हैं और केवल ५०, ६० वर्ष में आर्य्य-समाज ने जो कुछ कर दिखाया है, उससे सिद्ध होता है, कि उसकी सफलता में सबसे महान-शक्ति का गैबी हाथ काम कर रहा है। हम बड़े हर्ष से आर्य्य-समाज के काम का चित्र जनता के सामने रखते हैं और आशा करते हैं, कि इस डाइरेक्टरी से आर्य्य-समाज-रूपी कल्पवृक्ष की शाखा, उपशाखा तथा उत्तम फल, पुष्प आदि का दृश्य सारे सत्य प्रिय सज्जनों के आनन्द और उत्साह को बढ़ायेगा। और वह पूर्व की अपेक्षा अधिक पुरुषार्थ से वेद के ईश्वरीय कल्याणकारी धर्म को संसार के कोने कोने में फैलाकर यश, कीर्ती तथा सच्चे सुख के भागी होंगे ॥ ओ३म् शम् ॥

१—आर्य्य प्रतिनिधि सभा ।

१—सार्वदेशिक आ० प्र० नि० सभा देहली (१९०८ में स्थापित)

उद्देश्यः—(१) वैदिक धर्म के योग्य, उपदेशक बनाने के लिये एक महाविद्यालय स्थापन करना। (२) आर्यावर्त्त तथा अन्य देश-देशान्तरों में आवश्यकतानुसार वैदिक धर्मके प्रचार का प्रबन्ध करना। (३)प्रान्तिक आर्य प्रतिनिधि सभाओंके पुरुषार्थको संयुक्त करना तथा उनके पारस्परिक विवादों और उनके विरुद्ध पुनर्निवेदनों (अपीलों) का अन्तिम निर्धारण करना। (४) ऋषि दयानन्द कृत ग्रन्थों की वास्तविक लिपि के अनुसार उनकी याथातथ्य रक्षा करना और इस बात पर दृष्टि रखना कि उनमें कोई भाग प्रक्षिप्त तो प्रवेश नहीं किया गया। (५) धर्म सम्बन्धी पुस्तकों का एक बृहत्पुस्तकालय सर्व साधारण के लाभार्थ स्थापन करना। (६) वैदिक धर्म की उन्नति तथा वृद्धि और रक्षा के उपायों का प्रयोग में लाना।

संगठनः—(१) दशांश (आय) देने वाली प्रान्तिक प्र० नि० सभाओं के नियत संख्या के प्रतिनिधि (२) दूसरे देशों की सम्बधित सभाओं के प्र० नि०, (३) १०० या अधिक सभासदों और दशांश देने वाली समाजों का १-१ प्र० नि० और (४) ५००) रु० इकमुश्त दान देने वाले लाइफ मेम्बरों का समुदाय यह सभा है।

साधारण मेम्बरः—४५ [पंजाब ७, सं० प्रा० ७, बिहार बंगाल ५, बम्बई ५, राजस्थान ३, मध्य प्र० २, सिंध २, नैटाल १, फिजी २, बिहार ५, मारीशस ०, आ० स० ग़ाज़ियाबा खुर्जा, विहारीपुर बरेली तीनों का एक एक प्र० नि०, लाइफ़ मेम्बर ३।

अन्तरंग सभासदः—२१ जिन में ६ अधिकारी हैं।

अधिकारीः—श्री महा० नारायण स्वामी जी प्रधान, श्री प्रो० रामदेव जी, श्री पं० गङ्गाप्रसादजी चीफ़ जज टीढ़ी (गढ़वाल) उपप्रधान, श्री प्रो० सुधाकरजी एम० ए० मंत्री, श्री० ला० नारायणदत्तजी कोषाध्यक्ष, श्री० ला० ज्ञानचन्दजी पुस्तकाध्यक्ष।

कार्यः—(१) मद्रास प्रचार, (२) विदेश प्रचार, (३) स्वदेश प्रचार, (४) श्रद्धानन्द दलितोद्धार सभा देहली, (५) सा० देशिक मासिक, (६) सा० दे० पुस्तकालय, (७) बिकाऊ पुस्तकालय, (८) धर्म आर्य सभा, (९) आर्य रक्षा समिति।

सम्पत्तः—(१)बलिदान भवन, (२) सा० दे० भवन, (३) ग़ाज़ियाबाद वाली ४३ बीघे १८ बिस्वे भूमि मालियती ४८०००) रु० पाटौदी हाउस ट्रस्ट २००००) रु० बैंकादि में, ६८०००) सर्व योग १३६०००) रु०।

मिश्रितः—आर्य-समाज के उपनियमों का संशोधन तथा अनुसन्धान कार्य भी सभा के विचाराधीन है। (२) सार्वदेशिक

भवन का १००) मासिक किराया आता है। (३) कार्य्यालय में २ क्लर्क १ चपड़ासी काम करते हैं। (४) सभा की ओर से ४ उपदेशक मद्रास प्रचार के लिये नियुक्त हैं।

२—आ० प्र० नि० सभा पंजाब लाहौर सितम्बर १८८५ असौज (संवत् १९४२ विक्रमी में स्थापित)

उद्देश्यः—(१) वेद तथा प्राचीन आर्य ग्रन्थों की पढ़ाई तथा आर्योपदेशकों की तैयारी के लिये एक विद्यालय क़ायम करना। (२) धर्म तथा विज्ञान सम्बन्धी पुस्तकों का एक पुस्तकालय स्थापित करना (३) वैदिक शिक्षा को पुनर्जीवित करने के लिये लेख तथा पुस्तक प्रकाशित करना। (४) पंजाब तथा अन्य प्रान्तों में वैदिक धर्म के प्रचार का प्रबन्ध करना। (५) वैदिक धर्म के प्रचार के लिये साधन निरूपन करना तथा उपाय ढंढना।

संगठनः—पंजाब के आर्य-समाजों के पहिले १० सभासदों के लिये १ और अगले प्रत्येक २० सभासदों के पीछे १ प्र० नि० लिया जाता है।

साधारण सभाः—२२२ मैम्बर अन्तरङ्ग सभासद, २५ (अधिकारी ७, प्रतिष्ठित १२, प्रतिनिधि ६)।

अधिकारीः—दीवान बहादुर बद्रीदास जी प्रधान, पं० विशम्भरनाथ जी, रा० ब० मक्खनलाल जी, मा० शिवदयालजी एम० ए० उपप्रधान। म० कृष्णजी मालिक प्रताप लाहौर मन्त्री। ला० नूतनदास जी कोषाध्यक्ष। पं० प्रियव्रतजी वेद वाचस्पति पुस्तकाध्यक्ष।

कार्यः—(१) पंजाब तथा सीमा प्रान्त में प्रचार, (२) लेखराम मिशन आर्य्य मुसाफिर पत्र, (३) दयानन्द दलितोद्धार सभा, (४) आर्य्य [हिन्दी] मासिक, (५) वैदिक पुस्तकालय गुरुदत्त भवन लाहौर, (६) आर्य विद्यार्थी आश्रमगुरुदत्त भवन, (७) दयानन्द उपदेशक विद्यालय गुरुदत्त भवन, (८) गुरुकुल कांगड़ी, (९) दयानन्द सेवा सदन (१०) गुरुकुल इन्द्रप्रस्थ, (११) कन्या गुरुकुल देहरादून, (१२) दयानन्द मथुरादास कालिज मोगा, (१३) पंजाब तथा सीमा प्रान्त की समाजों के मन्दिर सम्पत्ति तथा समाज से सम्बन्धित संस्थाओं की सम्पत्ति आदि की देख रेख, रक्षा, प्रबन्ध आदि।

सम्पत्तिः—२३९०६३३) (वेद प्रचार में १४४६२०), लेखराम स्मार्कनिधि ३२४७६), विदेश प्रचार ४६४८९), अन्य स्मार्क फण्ड १९४६३), उपदेशक विद्यालय १२८३८४), मोगा कालिज ५७७६६), विद्यार्थी आश्रम ८२८३७), विविध संस्था ६६०४९), वसीयतें ९७४२५), दलित उद्धार २२३८, गुरुकुल वैटमोहनी ५०००), अमानत ७३०७५), अज्ञात २६४६, प्रावीडैंड २९०११), बोनस ७७९४७ गुरुकुल १६१११५४)।

मिश्रितः—[१] आगामी साल का बजट वेद प्रचार ३२०००), उ० वि० ५७०५), धर्मार्थ चिकित्सा २०००), लेखराम स्मार्क १९००), शुद्धि प्रचार ५००, विदेश प्रचार १०२००), आर्य मासिक ३०००), वैदिक अनुसन्धान ११००), वैदिक पुस्तकालय २५००), आ० विधवा आश्रम ४५९०)। [२] जम्मू, कश्मीर, मीरपुर पीड़ितों की सहायता के लिये १०२१५) रुपया पूर्व शेष था इस वर्ष १११०) की आय और ३२५६) व्यय होकर ८०६९) शेष रहा। [३] मुख्य कार्यालय के इञ्चार्ज ला० नन्दलाल जी हैं,

हिसाब किताब, पत्र व्यवहार, प्रचार, देख भाल आदि सारे कामों के लिये वहुत योग्य कर्मचारी तथा क्लर्क आदि हैं। [४] १४६५१ पत्र गए अनुमान इतने ही आये । [५] हिसार प्रान्त के दुर्भिक्ष पीड़ितों की सहायता के लिये २२१९) रु० समाजों से और १०००) अपने कोष से सहायता की।

३—आ० प्रा० प्र० नि० सभा पंजाब लाहौर (स्था० २४ नवम्बर १९१७ ई०)

उद्देश्यः—(१) धर्म सम्बन्धी पुस्तकों के पुस्तकायलकी स्थापना।(२)वैदिक धर्म प्रचार काप्रबन्ध। (३) ट्रैक्ट तथा पुस्तक प्रकाशन। (४) आर्य समाज की भलाई के साधन सोचना और उन पर आचरण करना। (५) विधवा, दीन, अनाथादि की सहायता।

अन्तरंग सभाः—२२ मेम्बर (७ अधिकारी, १५ मेम्बर)।

अधिकारीः—श्री महात्मा हंसराज जी प्रधान, श्री बा० रामानन्द तथा चौ० गणेशदास जी उपप्रधान, लाला खुशहालचन्दजी खुरसन्द मंत्री, लाला केशोरामजी तथा लाला बृजलाल जी (Inspector of Schools) सहायक मंत्री, वाचस्पति जी एम० ए० पुस्तकाध्यक्ष।

कार्यः—पंजाब, सिन्ध, बिलोचिस्तान की समाजों का नियंत्रण, [२] बङ्गाल और मद्रास में प्रचार, [३] विविध पाठशाला व स्कूल, [४] आर्य्य गजट लाहौर, [५] आर्य अनाथालय मुलतान, [६] अनाथालय कटक [७] दलित उद्धार मण्डल होशियारपुर, [८] आर्यसाहित्य विभाग।

कोषः—कुल फण्डोंका अढ़ाई लाख रु०।

मिश्रितः—गत वर्ष में १११४, समाजों से दशांश मिला, [२] वेद प्रचारमें ११०२०) तथा अन्य दान मिलाकर १८१०५) प्राप्त हुआ और १७५२) कुल व्यय हुआ।

४—आ०प्र०नि० सभा इन्द्रप्रस्थ देहली (स्था० १९१२ अप्रैल)

उद्देश्यः—देहली प्रान्त तथा आवश्यकता अनुसार अन्य स्थानों में प्रचार करना।

मेम्बरः—अनुमान १००

अधिकारीः—पं० जानकीनाथ जी प्रधान, चौ० गोरखासिंह जी उपप्रधान, मु० रामप्रसाद जी मंत्री, चौ० प्रतापसिंह जी उपमंत्री, चौ० मुक्तराम जी कोषाध्यक्ष, ला० अमीरचन्द जी खोसला आडीटर।

कामः—देहली नगर के २ और देहली प्रान्त के ५० समाज सभा के आधीन हैं। (२) अनाथ सुधारक आश्रम चावड़ी बाज़ार देहली (३) विविध पाठशाला।

आय व्ययः—गत वर्ष में २०९८) रु० आया और इतना ही व्यय हुआ।

मिश्रितः—(१) सरकार के देहली का पृथक प्रान्त नियत करने पर रा० स० गिरधारी लाल जी के प्रधानत्व में स्थापित हुई। (२) एक उपदेशक और आठ भजन मंडलियां हैं। (३) देहली के अतिरिक्त मेरठ, मुजफ्फर नगर, रोहतक गुड़गावां तथा जींद रियासत में २०० समाज, इस सभा ने कायम किये। (४) गतवर्ष में सभा ने १०० विवाह संस्कार, ५०० यज्ञोपवीत, ६ वार्षिकोत्सव और कई स्थानों पर शास्त्रार्थ तथा कथा कराई।

५—आ० प्र० नि० स० संयुक्त प्रान्त (स्था० ४८ वर्ष-रजिष्टरी ५ जनवरी १८९७ को)

उद्देश्यः—(१) क-वेद, वेदांग, प्राचीन संस्कृत साहित्य, विज्ञान, कला कौशल

के लिये गुरुकुल तथा अन्य वेदानुकुल संस्था खोलना तथा इन उद्देश्यों वाली संस्थाओं की रक्षादि । ख—वैदिक धर्म के प्रचारक तय्यार करना (२) धर्म तथा विज्ञानादि सम्बन्धी पुस्तकालय की स्थापना (३) वैदिक शिक्षा सम्बन्धी पुस्तक रचना (४) सन्युक्त प्रान्तादि में वैदिक धर्म प्रचार करना कराना। (५) आर्य समाजों तथा सामाजिक संस्थाओं की अवस्था तथा उनके प्रबन्ध और सम्पत्ति आदि की देख रेख। (६) आर्य समाजों को सङ्गठित रखना। (७) आम तौर पर वैदिक धर्म के प्रचार के लिये उपरोक्त साधनों को काम में लाना।

मेम्बर:—साधारण सभाके २८२ मेंबर हैं।

अन्तरंग सभा:—३१ सदस्य (८ अधिकारी २३ मेम्बर)

अधिकारी:—श्री बाबू पूर्णचंदजी ऐडवोकेट आगरा प्रधान, कुंवर दुर्गपालसिंह जी स० म० मथुरा तथा पंडित रास बिहारी जी लखनऊ उप प्रधान, बाबू उमाशंकर जी वकील फ़तहपुर मन्त्री। बाबू परमानन्द जी ऐडवोकेट इलाहाबाद उपमन्त्री। लाला हरस्वरूप जी रईस मुवाना कलां कोषाध्यक्ष। पंडित बृहस्पति जी शास्त्री पुस्तकाध्यक्ष । बाबू गजाधर प्रसाद जी प्रयाग आडिटर, बाबू शोभाराम जी आगरा अधिष्ठाता भू सम्पत्ती विभाग । पंडित महेन्द्र प्रसाद जी शास्त्री एम. ए. डी. ए. बी. कालिज देरादून अधिष्ठाता जात-पात तोड़क मण्डल। पंडित घासीराम जी अधिष्ठाता ट्रैक्ट विभाग। पंडित सूर्य्यदेव जी कानपुर सहायक अधिष्ठाता ”

काम:—१-वेद प्रचार २-गुरुकुल वृन्दावन ३-गौशाला गोविन्द नगर ४-अनाथालय गोविन्द नगर ५-ट्रैक्ट विभाग ६-जात पात तोड़क विभाग ७-महिला विभाग ८-आर्य्य नगर सैटलमैंट लखनऊ ९-आर्य्य मित्र आगरा १०-आर्य्य भास्कर प्रेस आगरा ११-सभा, समाज तथा इसकी संस्था आदि की सम्पत्ती आदि की रक्षा, देख रेख प्रबन्ध इत्यादि।

सम्पत्ती:—२५५८८७ गुरुकुल वृन्दावन १६८३४५ स्टाक २६८७० विविध फंड ८७०० वेद प्रचार २९००४ इमारत २३७८ ट्रस्ट १६२३० आ० भा० प्रेस ३२१७ आर्य्य मित्र ११४१)

मिश्रित:—५१८ समाज सभा के आधीन हैं। (२) १८९१३ पत्र भेजे ३१७४ आये (३) गतवर्ष की आय १२२२३३) रु० और व्यय १२१९०२) रु० हुआ।

६—आ० प्र० नि० सभा राजस्थान अजमेर (स्था० १८९६)।

उद्देश्य:—राजस्थान में वैदिक धर्म प्रचार।

अन्तरंग सभा:—(अधिकारी ९, मेंबर २१)

अधिकारी:—कुंवर जालिमसिंह जी कोषाध्यक्ष प्रधान, मास्टर कन्हैयालाल जी बी. ए., प्रोफेसर सुधाकर जी एम. ए. उप प्रधान, महाशय जगरूप जी मन्त्री, महाशय ब्रह्मदत्त तथा पंडित रामसहाय जी उपमन्त्री महाशय धर्मचन्द जी मैनेजर सैं० कोपरेटिव बैंक कोषाध्यक्ष, महाशय घोसूलाल जी एम. ए. एडवोकेट अधिष्ठाता आर्य मार्तंड।

काम:—१-प्रचार २-सभा तथा समाजों की सम्पत्ती आदि की रक्षा ३-सूर्य्य पुस्तकालय ४-नागरी पाठशाला अजमेर ५-गुलाब देवी आ० क० पाठशाला अजमेर ६-गोदावरी आ० क० पा० ब्यावर ७-

साधु आश्रम अजमेर ८-आर्य्य मार्तण्ड अजमेर।

मिश्रित-(१) २१० समाज सभा के आधीन हैं। (२) गतवर्ष की आय ४७८० व्यय ५४३३ (३) आगामी वर्ष का वजट ५९५०।

७—आ०प्र०नि० सभा मध्यप्रदेश व वरार नरसिंहपुर (३ दिसम्बर २६ मार्च १९१२ ई० रजिष्टरी)

उद्देश्यः-प्रान्त की समाजों तथा तत्सम्बन्धी संस्थाओं की रक्षा नियन्त्रण तथा प्रान्त में वैदिक धर्म प्रचार।

अधिकारीः-प्रधान श्री घनश्यामसिंह जी गुप्त वी० एस० सी० एल० एल० बी०।

उपप्रधानः-पं० श्रीधरजी शर्मा, आर० सी० मथानिया।

मंत्रीः-रामेश्वरराय जी गायकवाड़ा।

उपमंत्रीः-श्री ईश्वरी प्रसाद जी सल्तनत बहादुर।

कोषाध्यक्षः-श्री जयनारायण जी।

पुस्तकाध्यक्षः-श्री० मुख्य अधिष्ठाता गुरुकुल होशंगावाद।

कामः-आर्य्य सेवक पत्र (२) अनाथालय (३) गुरुकुल होशंगाबाद (४) समाजों तथा सामाजिक संस्थाओं की निगरानी तथा (५) धर्म प्रचार।

८—आ०प्र०नि० सभा बम्बई आनंद (स्था० ३० दिसम्बर १९०२)

उद्देश्यः-बम्बई प्रान्त में वैदिक धर्म प्रचार।

संगठनः-प्रान्तीय समाजों के प्र० नि०

मेम्बरः-५५ साधारण सभा के और १५ अन्तरंग के (अधिकारी ९ मेंबर ६)

कामः-१-वेद प्रचार २-आर्य्य प्रकाश पत्र ३-आर्य प्रकाश प्रेस ४-पुस्तकालय ५-गुरुकुल शुक्ल तीर्थ।

कोषः-१९३३५) [वेद प्रचार (स्थिर) ११५८७), (चलित) ३०५) बालकृष्ण स्मार्क १०) पुस्तक प्रचार स्थिर कोष ११३) चलित ३१८२ वेद विद्योतक फंड १२१३) भजनानन्द ट्रैक्टमाला १४४,८९५ पुस्तकविभाग ११३७)

९—आ० प्र० नि० सभा बिहार तथा उड़ीसा बांकीपुर (२६ वर्ष बंगाल से सम्मिलित रही ६ वर्ष से पृथक् हैं)

उद्देश्यः—(१) धर्म प्रचार (२) बिहार प्रान्त में आर्य्य समाजें, आर्य्य प्रकाशक मंडल, बड़ा पुस्तकालय गुरुकुल महा विद्यालय, उपदेशक विद्यालय, धर्म सभा, विद्या सभा, राज सभा, विधवा सहायक मण्डल क़ायम करना, ट्रैक्ट तथा पुस्तक प्रकाशित करना, औषधि आदि तथा अनाथ रक्षा, अछूतोद्धार आदि से देश व जाति सेवा करना, सभा समाज संस्थादि की सम्पत्ती आदि की रक्षा देख रेख इत्यादि।

मेम्बरः—साधारण सभा के ९० अन्तरङ्ग के ३३ (अधिकारी १० मेम्बर २३)।

अधिकारी :—

श्रीमान् साधु रामानन्दजी बानप्रस्थ, प्रधान, श्रीमान् बा०वैद्यनाथ प्रसाद जी B.A. सीवान, उप-प्रधान, श्रीमान् बा० लालधर प्रसाद जी पटना, B. A. B. L. पटना, उप-प्रधान, श्रीमान पं० सत्यव्रत जी प्र० मन्त्री, श्रीमान् बा० महादेव शरण जी. दानापुर, मन्त्री, श्रीमान् बा० जगन्नाथ प्रसाद चौधरी मोतिहारी, मन्त्री, श्रीमान् बा० सिपाही भक्तजी दानपुर, कोषाध्यक्ष, श्रीमान् पं०केवलपति जी शर्मा पटना सिठी, लेखानिरीक्षक।

श्रीमान् पं० ईश्वर दयालु जी शर्मा, पाटन। सिटी, पुस्तकाध्यक्ष।

काम:–१—गुरुकुल वैद्यनाथ धाम २—गुरुकुल हरपुर जान (सारन) ३—संस्कृत विद्यालय मुस्तफ़ाबाद (पटना) ४–कन्या पाठ-शाला ५–अछूत पाठशाला ६–अनाथालय ७–११३ समाजों की सम्पत्ति आदि की रक्षा ८–३ हाई और १ मिडिल स्कूल।

मिश्रित:—गत वर्ष में १९३६ पत्र भेजे ७८५ प्राप्त, ३ बुलेटीन प्रकाशित हुए (२) गतवर्ष में १९०६) आय, १९४३) व्यय हुआ।

१०—आ० प्र० नि० सभा बंगाल।

अधिकारी—श्री०पं० रोमेशचन्द्र बैनर्जी एम० ए० प्रिन्सीपल विक्टोरिया कालिज नरेल, प्रधान। डाक्टर हर गोविन्द जी गुप्त मन्त्री।

मिश्रित १:—४५ समाज सभा के आधीन हैं २–३ उपदेशक और २ भजन मंडलियां काम करती हैं ३–समाजों के आधीन अनेक स्थानों पर पाठशाला, स्कूल, कुमार तथा नवयुवक सभा जारी हैं ४–कई स्थानों में आर्य्य समाज मन्दिर तामीर हो रहे हैं।

११—आ० प्र० नि० सभा मद्रास

(१) ३० समाज सभा के आधीन हैं। (२) चार उपदेशक सार्वदेशिक सभा की ओर से प्रचार-कार्य करते हैं। (३) शुद्धि शास्त्रार्थादि काम होरहे हैं। (४) तामिलादि भाषाओं में आर्य्य-समाज का साहित्य प्रकाशित किया जा रहा है।

१२—आ० प्र० नि० सभा निज़ाम स्टेट उद्‌गीर (बीदर)

अन्तरङ्ग सभा के मेम्बर १७:—(११ मेम्बर और ६ अधिकारी हैं)

अधिकारी:—प्रधान पं विनायकराव जी विद्यालंकार बैरिष्टर हैदराबाद। मन्त्री विद्यामित्र जी वकील उद्‌गीर। उपप्रधान:– धर्मप्रकाश जी वकील हेली खेडा। उपमंत्री– चन्द्रपाल जी आर्य्य हैदराबाद। कोषाध्यक्ष: गजाननमल जी आर्य्य, पुस्तकाध्यक्ष:—दत्तात्रेय जी।

१३—आ०प्र०नि० सभा बर्मा (मांडले)

(स्थापित १९१४। रजिष्ट्री २६ जून १९१७)

अधिकारी:—बा० वधावाराम जी प्रधान, श्रीरामचन्द्र जी भारती मन्त्री।

मिश्रित:—३० समाज सभा के आधीन हैं। (२) रंगून और मांडले में शानदार समाज मन्दिर बन चुके हैं। स्कूल पाठ-शालादि संस्थायें भी खुल रही हैं।

१४—आ० प्र० नि० सभा सिंध

(१) २५ समाज सभा के आधीन हैं। (२) पं० लोकनाथ जी आदि उपदेशक तथा कई भजनीक प्रचार कार्य्य कर रहे हैं।

मुख्य कार्यालय करांची। १९१७ ई० से पूर्व यह प्रांत पंजाब प्रतिनिधि सभा में सम्मिलित रहा।

२—आर्य उप-प्रतिनिधि सभा

(१) रोहतकः--म० रामनारायण जी बी० ए० सञ्चालक हैं। रोहतक प्रांत के ग्रामों में प्रचार उत्सव संस्कारादि कराये जाते हैं।

(२) वेद-प्रचारिणी सभा सिंध (करांची)--मन्त्री गुरुदत्त शर्मा जी। प्रिंसिपल रामसहाय जी तथा उनके साथियों ने सिंध प्रांत में प्रचार करने को यह सभा क़ायम की है। योग्य आर्य्य-पुरुष आनरेरी तौर पर प्रचार करते हैं।

(३) वेद-प्रचार मण्डल हरियाना—प्रकाशचन्द्र जी वकील हिसार इसके सञ्चालक हैं।

(४) अ० उ० प्र० नि० सभा बदायूं:--प्रधान भगवान स्वरूप जी एडवोकेट। मन्त्री—अनन्तराम जी। २७ अक्टूबर सन् १९३२ को क़ायम हुई। ३७ मेम्बर अन्तरङ्ग मेम्बर १९ हैं १८ समाज सम्मिलित हैं गत वर्ष ३५० आय २९६ व्यय।

(५) आ० उ० प्र० नि० स० पीलीभीतः—डाक्टर कुन्दनलाल जी एम० डी० डी० एस० इत्यादि प्रधान हैं जो स्वयं प्रचार के लिये समय देते हैं

(६) आ० उ० प्र० नि० स० बिजनौर गढ़वाल।

प्रधान ला० जगन्नाथ शरण जी वकील बिजनौर। मन्त्री गुमानीसिंह जी, अधिष्ठाता ला० ठाकुरदास जी, हलदौर। सन् १९१९ ई० में क़ायम हुई। अन्तरङ्ग सभा के १२ मेम्बर हैं ४२ समाज सम्मिलित हैं।

(७) अ० उ० प्र० नि० सभा आगराः--बा० शोभाराम जी मैनेजर डी० ए० वी० हाई स्कूल प्रधान। म० प्रेमशरण जी मन्त्री। २ उपदेशक और भजनीक तथा म० प्रेमशरण जी मन्त्री प्रचार कार्य्य करते हैं।

(८) अ० प्र० नि० सभा अलीगढ़—प्रधान ठा० सरनामसिंह जी, मन्त्री म० विशम्भर सहाय जी।

(९) वेद-प्रचार मण्डल गोरखपुरः—प्रधान ठाकुर जंगबहादुर लाल जी, मन्त्री मिश्रीलाल जी।

(१०) हरदोई—बा० सरदारसिंह जी बी० ए० प्रधान। रामस्वरूप जी शर्मा मन्त्री। २२ फ़रवरी सन १९३१ को क़ायम। अन्तरङ्ग मेम्बर २० हैं। २० समाज सम्मिलित हैं।

(११) बरेली ज़िला प्रचार विभाग—रामस्वरूप जी मन्त्री हैं। संस्कार, शुद्धि, उत्सव, मेला प्रचार होता है।

(१२) मथुरा ज़िला प्रचार-सभा—गोपालसहाय जी मन्त्री हैं।

(१३) नागपुर आ० सि० प्र० स०:--स्वामी ब्रह्मानन्द जी प्रधान एल० बी० शर्मा जी मन्त्री।

[१४] प्रयाग—प्रो० बाबूराम जी एम० ए० प्रधान।

[१५] मेरठ वैदिक-धर्म प्रचार सभा—कालीचरण जी मन्त्री।

[१६] मुजफ्फ़रनगर—राव बहादुर चौ० मामराजसिंह जी प्रधान हैं १९११ में क़ायम हुई।

[१७] सहारनपुर— जैमलसिंह जी प्रधान, भोज राजेश्वर जी मन्त्री। ३१ अक्टूबर सन् १९०९ को क़ायम। ३४ मेम्बर। अन्तरङ्ग मेम्बर १३ हैं। ६१ समाज हैं। गत वर्ष की आय ७४३ व्यय ८४२।

[१८] मैनपुरी—बा० प्रेमविहारीलाल जी एडवोकेट प्रधान। ठाकुर फुलनसिंह जी मन्त्री। २४ अगस्त सन् १९२४ को क़ायम। मेम्बर २०। अन्तरङ्ग सदस्य ९ हैं। १७ समाज।

[१९] बलिया—आर्य उ० प्र० नि सभा

[२०] बम्बई अन्धेरी वैदिक धर्म-प्रचार मण्डल—पं० सभाजित शर्मा जी प्रधान। ठा० महेश्वरसिंह जी मन्त्री। ९० सभासद। गत वर्ष में २९ अधिवेशन हुए। अन्तरङ्ग मेम्बर २०।

३—प्रचार मण्डल

पंजाब की सभा की ओर से

[१] अम्बाला—
मण्डलाधीश डाक्टर लालचन्द जी।

[२] रोहतक, हिसार, देहली—
पं० सुमेरसिंह जी, (रोहतक)

[३] फुलकियां रियासतें—
पं० रामस्वरूप जी (नाभा)

[४] फीरोज़पुर, लुधियाना—
पं० पूर्णचन्द जी सिद्धांत भूषण (फ़ीरोज़पुर छावनी)

[५] जालन्धर, होशियारपुर—
रामस्वरूप जी (जालन्धर छावनी)।

[६] गुरदासपुर—
पं० धर्मदत्त जी (सि० भू० बटाला)।

[७] कुल्लू कांगड़ा—
पं० महेन्द्रप्रताप जी।

[८] माझा—
पं० रामचन्द्र जी अमृतसर।

[९] सियालकोट—पं० दलपति जी

[१०] गुजरांवाला शेखूपुरा—
पं० जगन्नाथ जी (गुजरांवाला)।

[११] लायलपुर—गुरुदत्तजी स्नातक

[१२] सरगोधा झंग—
मुनीश्वरदेव जी (सरगोधा)।

(१३) रावलपिंडी कैमलपुर—
इन्द्र जी स्नातक (कैमलपुर)।

[१४] पेशावरादि—पं० विष्णुनाथजी।

[१५] डेरा ग़ाज़ीखां—शांतिप्रकाशजी

[१६] मुलतान बहावलपुर—
पं० हरदयालु जी (मुलतान छावनी)

[१७] मंटगुमरी—पं० धर्मेन्द्र जी।

संयुक्त प्रान्त के मंडल

१—मेरठ-मंडला० पं० शिवदयाल जी तिलक पार्क, मेरठ।

२—आगरा-बा० शोभाराम कौशल मु० आगरा।

३—रुहेलखंड—विश्वनाथ जी त्यागी वकील मुरादाबाद।

४—अलाहाबाद—बा० अवध बिहारी लाल जी म्यूनिसिपल कमिश्नर फ़तहपुर।

५—बनारस—पं० अखिलानन्द जी।

६—गोरखपुर फैज़ाबाद—म० मिश्रीलाल जी गोरखपुर।

७—लखनऊ—बा० जयनारायण जी हसनगंज पार लखनऊ।

८—झांसी—बा० फगूमल जी।

९—गढ़वाल—मन्त्री उपसभा बिजनौर।

१०—सहारनपुर—मंत्री आ०स०सहारनपुर

बिहार प्रान्त के मंडल

१—आरा, राय सा० जय नारायण सहाय जी।

२—पटना, गया, पलाम्त पं० धुरेन्द्र जी शास्त्री न्याय भूषण।

३—मुज़फ्फ़रपुर, पं० सत्यव्रत जी।

४—दरभंगा, रामशरण रामजी।

५—चंपारन, जगन्नाथ प्रसादजी चौधरी

६—सारन, बा० वैद्यनाथ प्रसाद जी बी० ए०।

७—मुंगेर, भागलपुर बा० अवधबिहारी लाल M. A. पूर्णियां-छोटा नागपुर आदि ज़िलों के लिये अधिकारी वर्ग तथा गु० कुल वैद्यनाथ धाम के कार्य्य कर्ता।

४—विविध सभाएं

१—श्रीमती परोपकारिणी सभा अजमेर

स्थापना:—फाल्गुण शु० मंगल १९३९ वि० को स्वयं महर्षि दयानन्द द्वारा हुई।

उद्देश्य:—श्री स्वामी जी की सम्पत्ति (१) वेद और वेदांग आदि शास्त्रों के प्रचार अर्थात उनकी व्याख्या करने कराने पढ़ने पढ़ाने, छापने छपाने आदि में। (२) वेदोक्त धर्म के उपदेश व शिक्षा अर्थात् उपदेशक मण्डली द्वारा देश देशान्तर और द्वीप द्वीपान्तर में पहुँच कर सत्य के ग्रहण और असत्य के त्याग आदि में। (३) आर्य्यावर्त के निस्सहाय बालकों की शिक्षा आदि में खर्च करें।

संगठन—आर्य्य जगत में से चुने हुए, विशेष योग्यता के २३ पुरुषों की सभा स्वामी जी ने क़ायम करके उसे अपने प्रेस पुस्तकालय आदि पर पूर्ण अधिकार दिया।

अधिकारी:—प्रधान श्रीमान् महाराजाधिराज श्री सियाजी राव बहादुर जी० सी० एस० आदि बड़ौदा। गायकवाड़ उपप्रधान श्रीमान् राव बहादुर ला० मूलराज जी एम. ए. रिटायर्ड डि. ज. लाहौर। मन्त्री His Highness श्री महाराजाधिराज साहिब शाहपुराधीश।

कामः—(१) वैदिक यन्त्रालय (२) वैदिक पुस्तकालय (३) सभा की सम्पत्ति (मकान बाग़ आदि) का प्रबन्ध।

सम्पत्तिः—दयानन्द आश्रम भवन ३०००० वैदिक यन्त्रालय भवन ४००००, स्वामी जी का बाग़ ३०००० दुकान १५०००, आराज़ी ८००० नक़द ५०१३४ पुस्तकालय व यन्त्रालय ३१८०६। सर्वयोग २०४९४०

मिश्रित—वर्तमान साल का बजट आय ८४३०, व्यय ८३१५। (२) गत वर्ष की आय ५४३५ व्यय १४५०।

२—आर्य कुमार महासभा बड़ौदा

अधिकारी—श्री राज्य रत्न मा० आत्माराम जी अमृतसरी के पथ प्रदर्शन में सारा काम होरहा है। पं० आनन्दप्रिय जी बी० ए० मन्त्री हैं।

काम—(१) गुरुकुल सोनगढ़ (२) भील क्षत्रिय आश्रम (३) आर्य्य कुमार आश्रम (४) अबला आश्रम (५) आर्य्य कन्या महा विद्यालय बड़ौदा (६) आर्य्य संन्यास आश्रम (७) आर्य्य कुमार प्रेस (८) आर्य्य पाठशाला (९) हिन्दू मिशन (१०) धर्म प्रचार।

मिश्रित—(१) गुजरात, काठियावाड़ और कच्छ इस के कार्य्य क्षेत्र हैं (२) २८८ कार्य्यकर्त्ता हैं। पं० आनन्द प्रिय जी के परिश्रम का ही यह सब फल है।

३—आर्य्य न्याय सभा संयुक्तप्रांत

निम्नलिखित सज्जन प्र० नि० सभा की ओर से इसके मेम्बर हैं। (१) पं० रास विहारी जी तिवारी लखनऊ (२) ला० श्रीराम जी आगरा (३) बा० उमाशंकर जी फ़तेहपुर (४) धर्मेन्द्र जी शास्त्री (५) पं० शिवनारायण जी।

४—ज़ात पात तोड़क मण्डल लाहौर

अधिकारी—श्री भाई परमानन्द जी एम० ए०, मन्त्री म० चुन्नीलाल जी उप० प्र० गोविन्दराम जी बी० ए० एल० एल० बी०, उप० म० म० इन्द्रसिंह जी। कोषाध्यक्ष ला० नन्दलाल जी।

मिश्रितः—(१) नवम्बर १९२२ में काइम हुआ (२) सभासद संख्या ६०० (३) २ पत्र (मासिक) निकलते हैं युगान्तर (हिन्दी) क्रान्ति (उर्दू) (४) ट्रैक्ट और हैंडविल मुफ्त वित्तीर्ण किये जाते हैं (५) अब तक ३० सम्मेलन हुये हैं। (६) १५० से अधिक विवाह कराए गए। (७) गत वर्ष में ८७०० आय हुई और ९१६२ व्यय।

५—कष्ट निवारक समिति सब्ज़ी मंडी आगरा

रामस्वरूप जी शर्मा मंत्री हैं।

६—बाल विवाह विरोधिनी सभा हरदोई

राधेश्याम जी मंत्री हैं। शारदा ऐक्ट की पाबंदी कराना इसका उद्देश्य है।

७—राज्य कमेटी कोटला (रियासत)

इस कमेटी में सरकारी मेम्बरों के अतिरिक्त ५ मेम्बर पञ्चायत की तरफ से लिये गए हैं। श्रीयुत राजा किशनपाल सिंह जी कोटला नरेश ने यह सभा काइम की है।

८—पंचायत कोटला

अधिकारीः -प्रधान चौ० जैनीलालजी, मंत्री पं० बाबूराम जी। पंचायत के २२ मेम्बर हैं। कोटला नरेश ने प्रबंध सम्बन्धी अपने अधिकार पंचायत को दे दिये हैं।

९—आर्य्य कौमी सुधार सभा ओरंव (दीना नगर)

पं० गुरुदत्त जी प्रधान। पं० सत्यपाल जी मंत्री।

१०—आ० कष्ट नि० स० इलाहाबाद

शीलानाथ मुकरजी ऐडवोकेट मंत्री हैं।

११:—भारतीय औपनिवेशक संघ अजीतमल (इटावा)

प्रधानः—श्री पं० तोताराम जी, उ० प्र० श्रीकृष्णजी आर्य्य मिशनरी। प्र० मं० श्री प्रेम नारायण जी अग्रवाल, स० म० रत्नाकर देवरतन जी आयुर्वेद शिरोमणी। कार्य्यालय मं०रामगोपाल शर्मा आज़ाद, प्रकाशन मंत्री दयाकृष्णजी, दीक्षित शास्त्री। स०प्रकाशन मंत्री योगेन्द्रनाथ जी बी०एस०सी०। प्रचार मं० ज्योतिशंकर जी दीक्षित। कोषाध्यक्ष रामसेवक जी बजाज।

१२:—राजपूत सभा नया मुहल्ला जबलपुर

श्रीयुत सुन्दरलाल जी इसके मंत्री हैं।

१३—व्यायाम-प्रचारक मण्डल कछ

आर्यकुमार महा सभा बड़ोदा की तरफ से। अनुमान ३० तक व्यायाम शाला काइम हैं।

१४—आर्य्य न्याय सभा पंजाब गुरुदत्त भवन लाहौर

(१) श्री स्वामी स्वतन्त्रानन्द जी (२) पं० विशम्भरनाथ जी मेम्बर हैं और (३) ला० नन्दलाल जी मंत्री। इस सभा के द्वारा कतिपय स्थानों के आर्य पुरुषों के झगड़े निपटाए जा चुके हैं।

१५—आर्य्य स्वराज्य सभा लाहौर

वेदोक्त राजनीति का प्रचार, शुद्धि, अछूतोद्धार, हिन्दू अनाथों विधवाओं की रक्षा, अन्य सेवा सम्बन्धी काम जैसे गुम हुओं की तलाश और रक्षादि का काम यह सभा करती है। यह सभा प्रायः उत्सवों पर कान्फ्रेस, लैक्चर, मैजिक लैन्टर्न, आदि के द्वारा प्रचार करती है। कई सहभोज हुए और अनेक साधनों से सुधारादि में सहयोग दिया गया। पं० रामगोपाल जी शास्त्री वर्षों ही योग्यता पूर्वक सेवा करते रहे आज कल सत्यार्थी जी अच्छी दिल चस्पी लेते हैं।

५—उपदेशक विद्यालय आदि

(१) द० उ० वि० गुरुदत्त भवन लाहौर

विद्यार्थी:—३५ (मारीशस १, मद्रास ३, सी० पी० २, यू० पी० ७, गढ़वाल १, गुजरात १, कच्छ १, पंजाब ११, बम्बई १, हैदराबाद दक्षिण २।

प्रबन्धः—श्रीमती आ० प्र० नि० सभा पंजाब की ओर से श्री स्वामी स्वतन्त्रानन्द जी इसके इन्चार्ज हैं।

शिक्षा:—सिद्धान्त शिरोमणि, सिद्धांत भूषण, सिद्धान्त विशारद आदि की परीक्षाओं का प्रबन्ध है। ईश्वरचन्द्र जी दर्शन वेद अध्यापक। नरदेवजी सिद्धान्त शिरोमणि साहित्य व्याकरण अध्यापक, शिवदत्त जी साहित्य अरबी अध्यापक।

आर्थिक अवस्था:—गत वर्ष ६२९६) आय हुई और ५३११) व्यय। (मकान सरमाया के लिये हिसाब देखो आ० प्र० नि० सभा पंजाब)

मिश्रितः—१—परीक्षायें निम्न लिखित सैंट्रों में हुई।

हैदराबाद द०, बिजनौर, मुलतान, गुरुकुल भैंसवाल, अमृतसर, लाहौर २० विद्यार्थी विद्यालय के और ४१ बाहर के सम्मिलित हुए।

२—यह विद्यालय २५ उपदेशक समाज को दे चुका है २—८ वर्ष से जारी है।

(२) द० ब्र० म० वि० लाहौर

प्रबन्धः—डी० ए० बी० कालिज सोसाइटी के आधीन है। रामानन्द जी अधिष्ठाता हैं। संख्याः—६२ विद्यार्थी प्रविष्ट हैं।

शिक्षा:—३ वर्ष का कोर्स है। विद्यारत्न, विद्यानिधि, विद्या वाचस्पति की परीक्षा का प्रबन्ध है। पं० विश्वबन्धु, जी एम० ए० बी० ओ० एल प्रिन्सिपल, कुल ९ अध्यापक हैं। आर्थिक अवस्था के लिये देखो डी० ए० बी० कालिज ट्रस्ट सोसाइटी। गतवर्ष में ५८२७) रु० चन्दा से प्राप्त हुआ।

मिश्रितः—(१) विद्यालय ४४ उपदेशक दे चुका है, (२) प्रत्येक विद्यार्थी का कुल १२) रु० मासिक व्यय होता है, (२) १४ वर्ष से न्यून आयु वाले को नहीं लेते, (४) १८ को सारे खर्च की १२ को एक विशेष भाग की और ३ को १२ बाहर से सहायता मिलती है, (५) वैदिक कोष तैयार हो रहा है (६) १२ वर्ष से जारी है।

(३) द० सा० आश्रम पुल कालीनदी हरदुआगंज

स्वामी परमानन्द जी इसके संचालक हैं, रामस्वरूप जी शर्मा आयुर्वेदाचार्य प्रधान सं० पाठशाला, ठाकुर स्वर्णसिंह जी मन्त्री।

प्रबन्धः—कमेटी के आधीन है। मकानः—प्रत्येक आवश्यकता के लिये बना हुआ है। सहायता अनाज तथा नक़दी के रूप में काफ़ी मिल जाती है।

मिश्रितः--श्री स्वामी सर्वदानन्द जी इसके संस्थापक हैं, कई वर्ष आप ही इसे चलाते रहे हैं। बड़े बड़े योग्य विद्वान यह आश्रम समाज को दे चुके हैं। ५) रु० मासिक व्यय है।

(४) द० भा० वि० कानपुर

प्रबन्धः--पं० सूर्य्यदेव शर्मा जी मैनेजर।

शिक्षाः—(१) उत्तमा, मध्यमा, प्रथमा (२) मैट्रिक अँग्रेज़ी की परीक्षा तथा (३) शिल्प शिक्षा का प्रबन्ध है। विशारद परीक्षा सबके लिये लाज़मी है।

मिश्रितः—फ़ीस नहीं ली जाती। निर्धनों को भोजन भी दिया जाता है। दूसरों से ५) रु० मासिक लिया जाता है। प्रविष्ट होने वाले १४ से ऊपर आयु वाले तथा चौथा दर्जा पास होने चाहियें। हिन्दी अँग्रेज़ी मिडिल पास को तरजीह दी जाती है। १७ वर्ष से क़ायम है।

(५) डी० ए० वी० संस्कृत म० वि० अमृतसर

अधिकारीः—सन्तराम जी प्रधान, ज्ञानी पिण्डीदास जी मन्त्री हैं। गतवर्ष में ५४४०) रु० व्यय हुआ।

६—संस्कृत विद्यालय चिन्त पुरनी

७—हिन्दी विश्व विद्यालय प्रयाग

गोरख प्रसाद जी डी० एस० सी परीक्षा मन्त्री हैं।

शिक्षा—गुरु नारायण जी पांडे साहित्य रत्न प्रधान अध्यापक हैं हिन्दी साहित्य परीक्षाओं का प्रबन्ध है।

मिश्रितः—४ घंटे खेती, गोपालन, कताई, बुनाई, आदि काम हर विद्यार्थी से उजरत देकर लिया जाता है। मकान पढ़ाई पुस्तक सब मुफ़्त।

८—सं० वि० मोखरा रोहतक—१८ विद्यार्थी हैं। विशारद तक पढ़ाई, पं० गुरुदास राम जी अध्यापक।

९—आर्य्य विद्यालय किरठल (मेरठ)—पंजाब की संस्कृत परीक्षाओं का अच्छा प्रबन्ध है। मकान काफ़ी बन चुके हैं।

१०—आर्य्य वानप्रस्थ आश्रम ज्वालापुर—श्री नारायण स्वामीजी द्वारा स्थापित।

शिक्षाः—पुस्तकालय मौजूद है नित्य प्रति सतसंग, स्वाध्याय, यज्ञ, वेद उपनिषद की कथा आदि होने का प्रबन्ध है।

मकानः—परिवार सहित तथा दूसरे वानप्रस्थियों के लिये मकान काफी और पृथक २ बन गए हैं। दर्शकों के लिए जुदा धर्मशाला है। हाल में १७-१८ एकड़ भूमि और ली गई है। टीढ़ी (गढ़वाल) के जज प्रसिद्ध पं० गंगाप्रसाद जी तथा आप के भ्राता प्यारेलाल जी रईस मेरठ भी यहीं मकान गनवा रहे हैं।

मिश्रितः—बहुत से वानप्रस्थी संन्यास ले चुके हैं। भोजन पर दूध घी सहित ८-१० रु० मासिक व्यय होता है। प्रायः बड़े २ यज्ञ होते हैं।

६—आ० स० के उपदेशक आदि

१—संन्यासी महात्मा

(१) श्री नारायण स्वामी जी (२) स्वामी सर्वदानन्द जी (३) स्वामी अच्युतानन्द जी (४) स्वामी सत्यानन्द जी (५) स्वामी स्वतन्त्रानन्द जीं (६) स्वामी वेदानन्द जी (७) स्वामी गंगागिरी जी (८) स्वामी ब्रह्मानन्द जी (९) स्वामी परमानन्द जी (१०) स्वामी परमानन्दजी झज्जर (११)स्वा० ब्रह्मानन्दजी म० वि० ज्वालापुर (१२) स्वा० आनन्दभिक्षुजी (१३) स्वामी लक्ष्मणानन्द जी (१४) स्वामी व्रतानन्द जी चित्तौड़ (१५) स्वामी सेवकानन्द जी (१६) स्वामी मुनीश्वरानन्द जी (१७) स्वामी धर्मानन्द जी (१८) स्वामी विचारानन्द जी (१९) स्वा० विद्यानन्द जी (२०) स्वा० सदानन्द जी (२१) स्वा० प्रणवानन्द जी (२२) स्वा० भौभानन्द जी एम० ए० (२३) स्वामी नित्यानन्द जी (२४) स्वामी विज्ञानानन्द जी (२५) स्वामी धीरानन्द जी (२६) स्वामी रामानन्द जी (२७) स्वामी कृपानन्द जी (२८) स्वामी सच्चिदानन्द जीं (२९) स्वामी ओंकार सच्चिदानन्द जी (३०) स्वामो सोमानन्द जी (३१) स्वा० सोमेश्वरानन्द जी (३२) स्वा० मंगलानन्द जी (३३) स्वामी विवेकानन्द जी (३४) स्वामी देवानन्द जी (३५) स्वामी केवलानन्द जी (३६) स्वामी सन्तोषानन्द जी (३७) स्वामी अनन्तानन्द जी (३८) स्वामी यथार्थानन्द जी (३९) स्वामी अमृतानन्द जी (४०) स्वामी चिदानन्द जी (४१) स्वामी विशुद्धानन्द जी (४२) स्वामी अनुभवानन्द जी ४३ स्वामी स्वरूपानन्द जी (४४) स्वामी ईश्वरानन्द जी (४५) स्वामी शान्तानन्द जी (४६) वेदतीर्थ जी (४७) स्वामी आनन्द स्वामी जी (४८) स्वामी भवानीदयालु जी (४९) स्वामी त्यागानन्द जी (५०) स्वामी मयस्करानन्द जी (५१) स्वामी शिवानन्द जी (५२) स्वामी करुणानन्द जी .(५३) स्वामी प्रकाशानन्द जी (५४) स्वामी कर्मानन्द जी।

२—सा० देशिक सभा के उपदेशक

१—पं० धर्मदेव जी २—केशवदेव जी ज्ञानी ३—लक्ष्मण देव जी ४—विद्यावती देवी जी। सब मद्रास प्रांत में प्रचार करते हैं।

३—आ० प्र० नि० सभा पंजाब

१—पं० बुद्धदेव जी सनातक २—पं० ज्ञानचंद जी बी० ए० ३—पं० यशपाल जी सनातक ४—पं० बनवारीलाल जी बी० ए० ५—हरदयालू जी ६—पूर्णचन्द जी ७—पं० रामस्वरूप जी ८—विश्वनाथ जी ९—पं० मन्साराम जी १०—पं० माथुर शर्मा जी ११—पं० सुमेरसिंह जी १२—पं० इन्द्र जी १३—पं० रामचन्द्र जी १४—पं० गुरुदत्तजी

१५—पं० भूपेन्द्र जी १६—पं० दलपती जी १७—धर्मदत्त जी १८—पं० पूर्णचन्द जी १९—बालमुकन्द जी २०—पं० दीवानचन्द जी २१—सत्यदेव जी २२—पं० सोमदेव जी २३—मुनीश्वर देव जी २४—पं० लोकनाथ जी २५—रामदयाल जी २६—पं० जगन्नाथ जी २७—प्रभूदत्त जी २८—पं० भीमसेन जी २९—पं० व्रतपाल जी ३०—पं० शान्ति-प्रकाश जी ३१—पं० तीर्थराम जी ३२—पं० सत्यपाल जी ३३—म० रामचन्द जी ३४—पं० रामस्वरूप जी ३५—पं० हरपाल जी, ३६—म० चिरंजीलाल जी प्रेम ३७—खेमचन्द्र जी ३८—म० मोहनलाल जी ३९—महेन्द्र प्रताप जी ४०—श्रीमती द्रोपदी देवी जी ४१—पं० चन्द्रभानु जी।

भजनोपदेशकः १—म० सालिगराम जी, २—सन्तराम जी ३—बिहारीलाल जी ठा० उदयसिंह जी ५—म० केसरचन्द जी ६—म० आत्मदेव जी ७—बालकृष्ण जी ८—गुलशनराय जी ९—फ़कीरचन्द जी १०—बलदेव जी ११—अमरनाथ थी १२—शमशेरसिंह जी १३—हरिश्चन्द्र जी १४—जगदीशचन्द्र जी १५—भगतराम जी १६—मिट्ठनलाल जी १७—सन्तसिंह जी १८—भद्रपाल जी १९—धर्मपाल जी २०—देशराजजी २१—मेहरचन्द जी २२—विष्णुराम जी।

आनरेरी उपदेशकः—१—म० कृष्ण जी लाहौर २—पं० ठाकुरदत्त जी अ० धा० लाहौर ३—पं० मुक्तीराम जी गु० कु० चोहा भक्तां ४—मा० रामलाल जी लुधियाना ५—म० सत्यपाल जी ६—पं० बिशम्भरनाथ जी लाहौर ७—पं० भगतराम जी डिंगा ८—पं० विष्णुदत्त जी फ़ीरोज़पुर ९—पं० चन्द्रकान्त जी १०—पं० सत्यदेव जी ११—ईश्वरचन्द्र जी १२—शिवदत्त जी १३—विश्वानन्द जी १४—ला० नन्दलाल जी लाहौर १५—पं० नरदेव जी १६—ला० वज़ीरचन्द जी रावलपिंडी १७—पं० चमूपति जी गु० कु० कांगड़ी १८—पं० देव शर्मा जी गु० कु० कांगड़ी १९—प्रो० रामदेव जी क० गु० कु० डेरादून २०—पं० जगन्नाथ जी नि० र० अमृतसर २१—डा० भगतराम जी लाहौर २२—पं० भीमसैन जी लाहौर २३—पं० इन्द्र जी वि० वा० देहली २४—पं० रामचन्द्र जी महोपदेशक देहली २५—पं० रामचन्द्र जी जिज्ञासु, देहली २६—ला० देवराज जी जालंधर २७—ला० हरदयालु जी जालंधर २८—म० मदनमोहन जी मुलतान।

आर्य्य प्रादेशिक प्र० नि० सभा पंजाब के उपदेशकः—१—मैहता रामचन्द्र जी शास्त्री २—पं० अमरनाथ जी ३—म० सावनमल जी ४—पं० बुद्धदेव जी मीरपुरी ५—ठा० अमरसिंह जी आ० मु० ६—पं० भूदेव जी शास्त्री ७—विशम्भरदत्त जी ८—सुखानन्द जी ९—विश्वधर्मा जी १०—म० सत्यपाल जी ११—पं० गंगासहाय जी १२—रामचन्द्र जी शर्मा १३—शिवचरण जी १४—ऋषि राम जी रोहतक। प्रांत के लियेः— १५—पं० रामचन्द्र जी १६—पं० बालमुकन्द जी। बङ्गाल के लियेः—श्री सुजित कुमार जी मु० उपाध्याय (२) ब्र० लक्ष्मण जी विद्यानिधि। मद्रास प्रांत के लियेः—प्रो० के० एल० मुदमल।

भजनोपदेशकः—१—ला० हरीचन्द जी २—पं० गंगासहाय जी ३—ला० मोहन लाल जी ४—बा० ठाकुरसिंह जी ५—सत्यपाल जी ६—हरिदेव जी ७—रामगोपाल जी

८—कर्मचन्द जी ९—ज्ञानचन्द जी १०—सोहनलाल जी नं० १ ११—सोहनलाल जी नं० २। १२—बालमुकन्द जी १३—विद्याधर जी।

आनरेरी उपदेशक:—१—श्री महात्मा हंसराज जी २—श्री० ला० खुशहालचन्द जी ३—प्रो० चारुदेव जी एम० ए० ४—श्री ला० दीवानचन्द जी एम० ए० प्रिंसिपल ५—ला० देवीचन्द जी एम० ए० ६—ला० भगवतदत्त जी बी० ए० ७—ला० दौलतराम जी अमृतसर ८—प्रो० श्रीराम जी ९—पं० मेलाराम जी जालन्धर १०—पं० रामचन्द्र जी बी० ए० अम्बाला ११—पं० विश्वबन्धु जी एम० ए० १२—पं० मस्तानचन्द जी बी० ए० १३—पं० रामप्रताप जी १४—ज्ञानी पिंडीदास जी १५—देवप्रकाश जी १६—पं० भूदेव जी शास्त्री १७—पं० वाचस्पती जी एम० ए० १८—पं० राजाराम जी १९—पं० सोमदेव जी लायलपुर २०—पं० फ़क़ीरचन्द जी २१—प्रो० रामचन्द्र जी जालन्धर २२—पं० ज्ञानचन्द जी एम० ए० २३—प्रो० रलाराम जी होशियारपुर २४—ला० दीनानाथ जी है० म० हाफिज़ाबाद २५—म० बेलीराम जी एम० ए० होशियार पुर २६—पं० तुलसीराम जी शास्त्री २७—ला० चिमनलाल जी बी० ए० २८—ला० शामलाल जी २९—ला० बनारसीदास जी ३०—पं० रामानन्द जी ३१—ला० कुन्दनलाल जी ३२—सङ्गरामसिंह जी ३३—रामनारायण जी बी० ए० ३४—राजेन्द्रपाल जी सम्पादक आ० ग० लाहौर ३५—गुरुदत्त जी शास्त्री बटाला ३६—ला० किशोरीलाल जी अम्बाला ३७—पं० जमनालाल जी वकील सियालकोट ३८—मा० मेलाराम जी शाहपुर।

५—आ० प्र० नि० स० संयुक्त प्रांत

१—पं० शिव शर्मा जी २—निरंजनदेव जी ३—रुद्रदत्त जी ४—धर्मराजसिंह जी ५—पं० होरीलाल जी ६—राजेन्द्रदेव जी ७—पं० श्रीकृष्ण जी ८—पं० शेरसिंह जी ९—पं० काशीनाथ जी १०—रूपनारायण जी ११—पं० देवानन्द जी १२—रघुवीरदत्त जी १३—पं० द्वारकादत्त जी १४—पं० गोविन्दराम जी शर्मा १५—नत्थासिंह जी १६—रामचन्द्र जी १७—पं० मुकन्दराम जी १८—खूबसिंह जी १९—कुं० मानसिंह जी २०—धर्मसिंह जी २१—मननसिंह जी।

आनरेरी उपदेशक:—१—श्री पं० पूर्णचन्द जी प्रधान सभा २—श्री उमाशंकर जी मन्त्री ३—पं० सूर्य्यदेव जी शर्मा एम० ए० ४—पं० हरिशंकर जी बी० एस० सी० एल० टी० ५—ला० देवीचन्दजी टैम्प्रन्स प्रचारक ६—पं० धर्मेन्द्र जी शास्त्री ७—पं० इन्द्रवर्मा जी ८—श्री डा० श्यामस्वरूप जी रा० सा० ९—पं० कालीचरण जी १०—पं० बन्सीधर जी पाठक ११—पं० देवेन्द्र जी शास्त्री १२—पं० ज्वालाप्रसाद जी बानप्रस्थी १३—पं० घासीराम जी एम० ए० मेरठ १४—र० गु० पं० धर्मेन्द्र जी १५—श्री देशबन्धु जी १६—पं० शान्तिस्वरूप जी १७—नारायणप्रसाद जी १८—पं० गंगाप्रसाद जी उपाध्याय इलाहाबाद १९—प्रि० दीवानचन्द जी एम० ए० कानपुर २०—पं० बृहस्पति जी गु० कु० वृ० २१—पं० बिहारीलाल जी शास्त्री एम० ए० कानपुर २२—महेन्द्रप्रताप जी शास्त्री एम० ए० देहरादून २३—रास बिहारी जी तिवारी गणेशगंज लखनऊ २४—चन्द्रशेखर जी वाचस्पति मुजफ़्फ़रनगर २५—पं० रामचन्द्र जी एम० ए० बाराबंकी २६—प्रो० कृष्णकुमार एम०

ए० कानपुर २७—पंडिता लक्ष्मीदेवी जी हाथरस २८—प्रेमकली देवी जी इलाहाबाद २९—रा० ब० मशअलसिंह जी रईस हरदोई इत्यादि कुल ९२ आनरेरी उपदेशक हैं।

६—बम्बई प्रान्त के उपदेशक और लैक्चरार

१—श्री मणिशङ्कर जी शास्त्री २—स्वामी शिवानन्द जी ३—स्वामी नारायणानन्द जी ४—आशाभाई जी ५—ब्रह्मानन्द जी ६—पं० जीवाराम जी ७—पं० धीरजलाल जी शर्मा ८—प्रभातसिंह जी वर्मा ९—चम्पालाल जी शर्मा १०—माया शंकर जी ११—नागरदास जी बानप्रस्थी १२—हरिदेव जी १३—के० जी० शाह १४—शान्तिदेवी जी १५—शान्ताराम जी १६—जानगाकर जी १७—श्री महाराणी शंकर जी १८—पं० लक्ष्मण राव जी १९—द्विजेन्द्रनाथ जी २०—भारती जी २१—प्रभूदत्त जी शर्मा भ० २२—दातार जी भाई २३—रामचन्द्र जी सिद्धान्तालंकार २४—बल्लभदास जी मैहता २५—श्याम राव जी ठाकुर २६—महादेवप्रसाद जी भ० २७—रघुवीरसिंह जी भ० २७—सत्यपाल जी भ०।

७—राजस्थान

१—पं० रामसहाय जी २—प्रकाशचन्द्र जी ३—कुं० चाँदकरण जी शारदा ४—पं० परमानन्द जी बी० ए० ५—ईश्वरदत्त जी सिद्धार्थी उदयपुर ६—पं० जयदेव जी विद्यालंकार ७—पं० नर्मदाप्रसाद जी नसीराबाद ८—पं० भूरालाल जी कथा व्यास ९—भगवान स्वरूप जी न्यायभूषण शाहपुरा १०—स्वामी नरसिंह देवजी सरस्वती जयपुर।

८—बंगाल

१—पं० अयोध्या प्रसाद जी २—पं० सुरेन्द्र शर्मा जी ३—पं० शिवनन्दन जी ४—स्वा० भद्रानन्द जी ५—दीनबन्धु जी आचार्य्य सम्पादक आर्य्य गौरव ६—शान्ति स्वरूप जी ७—वेद नारायण जी।

९—बिहार

१—साधु वेदव्रत जी २—विद्यानन्द जी ३—विश्वनाथ जी ४—सत्यव्रत जी

१०—उपसभादि के उपदेशक

१—बिजनौर गढ़वाल:—पं० रामचन्द्र जी आ० प० ख्यालीराम जी, रेवानन्द जी, ऋषिराम जी गुमानीसिंह जी, रणवीर शास्त्री जी, छज्जूसिंह जी, कान्तिचन्द्र जी जयराम जी। २—सहारनपुर में:—पं० गेंदाराम जी भ०, म० तिलक जी, छज्जूसिंह जी, म० बारूमल जी, म० मंधा जी, सुमेरचन्द जी। ३—बदायूं:—पं० लक्ष्मीनारायण जी शर्मा पं० ज्ञानीराम शर्मा, विहारीलाल शर्मा भ० ४—हरदोई—पं० लल्लूराम जी मिश्र ५—बर्मा—अयोध्या प्रसाद जी, लालचन्द जी भ० ६—आगरा—शामलाल जी, लालाराम जी भ० ७—मेरठदयाराम जी ८—गोरखपुर वे० प्र० मं० रघुनन्दन जी शर्मा ९—बरेली भूपराम जी देवदत्त जी १०—रुड़की—नरसिंह शर्मा जी ११—गंज मुरादाबाद—रामशरण जी १२—साहसपुर (बिजनौर) गंगादत्त जी १३—पूर्णपुर (पीलीभीत) भजन मंडली १४—मोती कटड़ा आगरा—मुन्शीसिंह जी आजाद १५—नई देहली—वेदव्रत जी १६—अजीतमल—

श्रीकृष्ण जी शर्मा १७—जालंधर:—भगत मंगतराम जी गायनाचार्य (मंडली) १८—काशी:—ब्र० अखिलानन्द जी, शिवचरणलाल जी, ब्र० परमानन्द जी, नत्थूसिंह जी भ० १९—देहली (चावड़ी समाज):—पं० रामचन्द्र जी २०—देहली नयाबांस:—पं० चन्द्रभानु जी, २१—प्रयाग:—स्त्री उ० प्रेमकली देवी जी २२—कटड़ा प्रयाग:—प्रभुदयाल जी पं० अमीचन्द जी भ० २३—एटा:—मदनमोहन शर्मा जी २४—रामा मंडी:—जनकराम जी भ० २५—जींद जं० १:—निहालचन्द जी वर्मा २६—फ़ीरोज़पुर शहर:—पं० हरिश्चन्द्र जी २७—मुलतान:—अर्जुनदेव जी भ० २८—नवां शहर:—लक्ष्मीदत्त जी २९—खानेवाल:—संसारसिंह जी ३०—चांदा वे० प्र० सभा—तोलाराम जी, ब्रह्मदत्त जी ३१—लायलपुर:—पं० सोमदेव जी ३२—टोबा टेकसिंह:—पं० मेहरचन्द जी ३३—फ़ीरोज़पुर अनाथालय:—प्रेमलाल जी, धर्मवीर जी, दयावन्ती जी, भाई काहनसिंह जी, पं० आत्माराम जी, रामरखा मल जी आ० ३४—देहली श्रद्धानन्द ट्रस्ट:—धर्मवीर जी, रामलाल जी ३५—गु० कु० वैद्यनाथ धाम:—हरीलाल जी, सहदेव जी शर्मा ३६—शुद्धि सभा देहली:—पं० लक्ष्मीनारायण जी ३७—शुद्धि सभा मुरादाबाद:—पं० भद्रदत्त जी ३८—शुद्धि सभा आगरा:—काशीनाथ जी ३९—जात पात तोड़क मण्डल लाहौर—भूमानन्द जी ४०—बलिया:—गंगासिंह जी ४१—द० दलितोद्धार सभा गु० द० भ० लाहौर:—रामदत्त जी, ज्ञानी प्रतापसिंह जी, धर्मदास जी, मा० विश्वानन्द जी, स्वा० चेतनानन्द जी, म० रत्नपालसिंह जी, कशमीरी लाल जी, लक्ष्मीचन्द जी, लब्भूराम जी, वसावाराम जी, देवेन्द्रनाथ जी, देवराज जी, मेहरचन्द जी, अमोलकराम जी तथा १० अन्य प्रचारक।

द० दलितोद्धार सभा होशियारपुर:—पं० देवराज जी, लक्ष्मणदास जी, गुरुदत्त जी, सन्तसिंह जी, रामदेव जी, बलराज जी, सन्तराम जी, धनीराम जी, हरसिंह जी, बूटाराम जी, नन्दलाल जी, शूद्रानन्द जी, चूनीलाल जी, म० बालमुकन्द जी, अछरचन्द जी, मुकन्दीलाल जी, राजाराम जी, बा० सुरजनदास जी, विमलानन्द जी, राम रखामल जी, कृपाराम जी, नन्दलाल जी।

आर्य्य समाज के प्रसिद्ध भजनोपदेशक

१—ठा० प्रवीणसिंह जी बढ़ापुर (बिजनौर) २—कुं० सुखलाल जी आ० मु० ३—ठा० तेजसिंह जी ४—म० डोरीलाल जी बरेली ५—म० ज्ञानेन्द्र जी ६—ठा० नत्थासिंह जी ७—प्रकाशचन्द्र जी अजमेर ८—ठा० आत्माराम जी ९—प्रेमी जी १०—प्रदेसी जी इत्यादि।

७—विद्या प्रचार सम्बन्धी सभाएँ

१—डी० ए० वी० कालिज मैनेजिंग सोसाइटी लाहौर।

संगठन—विशेष नियमों के आधीन आर्य्य-समाजों के प्रतिनिधि और विशेष दान तथा योग्यता के कारण स्वीकृत मेम्बर सम्मिलित हैं।

मेम्बर—कुल ९१ (आर्य समाज लाहौर के २६ अन्य समाजों के ५८ प्रतिनिधि, लाइफ़ मेम्बर ४, इंजिरिङ्ग मेम्बर १, कालिज यूनियन १) । प्रिन्सीपल X. O.

अधिकारी—प्रधान मि० मुकन्दलाल जी पुरी M.L.C. Bar-at-law, उपप्रधान मेहरचन्द जी B.A. LL. B. मैहता अमीचन्द जी B.A. LL.B, C.L. आनन्द जी M.A. LL.B. Bar-at-law, Principal Law College Lahore., प्रधानमन्त्री ला० हरगोपाल जी M.A.LL.B. Advocate. मन्त्री मि० देवराज साहनी B.A. LL. B. Barat-law, ला० विश्वेश्वरनाथ जी सेठी B.A. LL.B. ला० दीनदयाल जी खन्ना B.A. LL.B. ला० रञ्जीतराय B.A. LL.B., एकौंटैंट हरनरायणदास जी, बलराजी जी सोहनलाल जी ।

काम—(१) डी० ए० वी० कालिज लाहौर (२) डी० ए० वी० कालिज बोर्डिङ्ग हाउस लाहौर (३) अनुसंधान कार्य (४) डी० ए० वी० हाई स्कूल लाहौर (५) डी०ए०वी० कालिज जालन्धर (६) गोविन्द सहाय ए० एस० स्कूल हाफ़िज़ाबाद (७) २६ स्कूल (हाई मिडिल, प्राइमरी) ।

सम्पत्ति—मकान, भूमि, नकदी सब मिलाकर तीस लाख उनसठ हज़ार नौ सौ चव्वन (३०५९९५४) ।

स्थापना—३१ मार्च १९३३ ई० को इसे क़ायम हुए ४६ वर्ष व्यतीत हुए ।

२—पंजाब आर्य शिक्षा समिति गुरुदत्त भवन लाहौर (७ वर्ष से जारी)

संगठन—समिति से सम्बद्ध प्रत्येक प्राइमरी स्कूल का १—मिडिल, २—हाई, ३—और कालिज, ४—ऐसे प्र० नि० भेज सकता है जो आ० प्र० नि० सभा पंजाब से सम्बन्ध रखने वाले समाज के मेम्बर हों (२) आ० प्र० नि० सभा पंजाब की अन्तरङ्ग सभा से नियत ७ मेम्बर (३) ५०) रुपये या अधिक दान देने वाले (४) इन तीनों प्रकार के मेम्बरों का दसवां भाग प्र० नि० ।

अन्तरङ्ग सभा—कुल मेम्बरों में से ७ अधिकारी और ८ मेम्बर अन्तरङ्ग सभा के चुने जाते हैं ।

अधिकारी—राय बहादुर मक्खमलाल जी प्रधान, मा० मूलराज जी B.A,B.T. मन्त्री, प्रो० शिवदयाल जी एम० ए०, बाबा बलवन्तसिंह जी, पं० विश्वम्भरनाथ जी उपप्रधान, पं० बनवारीलाल जी उपमन्त्री, स स० अमरसिंह जी कोषाध्यक्ष ।

संस्थाएँ—१ कालिज, ७ हाई स्कूल, ६ मिडिल स्कूल, ३ संस्कृत विद्यालय, ७ प्राइमरी स्कूल, ३१ मिडिल क० पा०, ५० प्राइमरी क० पा०, अर्थात् १०५ संस्थाओं का इस समिति से सम्बन्ध है ।

३—आ० वि० सभा डेरा इस्माईल खां ।

राय ठाकुरदत्त जी धवन प्रधान, तरुतराम जी मन्त्री ।

४—वि० प्रचारिणी सभा चिन्तपुर्णी (होशियारपुर)

संस्कृत महाविद्यालय चिन्तपुर्णी जारी है ।

५—आर्य वि० स० बम्बई प्रदेश ।

प्रधान नगीनदास जी बी० टी० मास्टर, मन्त्री डा० कल्याणदास जी देसाई L.M.S., कुल ४० मेम्बर हैं ।

६—शिक्षा विभाग आ० प्र० नि० सभा यू० पी० ।

मन्त्री पं० चन्द्रशेखर जी । १९ क० पा०, ३ डी० ए० वी० हाई स्कूल और १ संस्कृत पाठशाला इसके आधीन है । पं० गङ्गाप्रसाद जी ने सभा को तीन हज़ार हज़ार रुपया दिया कि इसका सूद शिक्षा में ख़र्च हो, अतः उससे कन्याओं को वज़ीफ़े दिये जाते हैं ।

८—गुरुकुल

१—गुरुकुल कांगड़ी ज्वालापुर ।

स्था०—१० मार्च १९०२ ई०, इस से पूर्व २ वर्ष गुजराँवाला में जारी रहा फिर कांगड़ी (बिजनौर) में बदला और अब कुछ वर्ष से ज्वालापुर में नए भवन में आगया है।

संख्या—२९५ ब्रह्मचारी हैं।

प्रबन्ध—श्रीमती आ० प्र० नि० सभा पंजाब की अन्तरङ्ग सभा के हाथ में है । जिस की ओर से एक मुख्याधिष्ठाता इञ्चार्ज है। पठन पाठन का प्रबन्ध एक आचार्य के आधीन रहता है । १९७५ वि० तक महा० मुन्शीराम जी इञ्चार्ज रहे तत्पश्चात् प्रो० रामदेव जी और आजकल प्रो० चमुपति जी एम० ए० इञ्चार्ज हैं।

शिक्षा—४ श्रेणियों से शुरू हुआ, सं० १९६८ वि० में महाविद्यालय बना। अब वेद म० वि०, अर्थ म० वि० और आयुर्वेद म० वि० भी हैं। प्रो० देवशर्माजी प्रिंसिपल हैं । २० बड़ी २ योग्यता के प्रोफेसरादि सारे आवश्यक विषयों की शिक्षा देते हैं। विद्या-प्रचार की दृष्टि से यह संस्था भारतवर्ष में आदर्श और उच्च पोज़ीशन रखती है। शिक्षा का माध्यम मातृभाषा है। संस्कृत तथा प्राचीन आदर्श इसकी विशेषता है। अङ्गरेज़ी शिक्षा भी दी जाती है। अनेक शाखायें भी खोली गई हैं और प्राचीन शिक्षा-प्रणाली सर्व प्रिय बनती जा रही है।

आर्थिक विवरणः—आ० प्र० नि० सभा पंजाब के निश्चय के अनुसार पहिले महा० मुन्शीराम जी ने व्रत धार कर सारे देश में भ्रमण किया और ३० हज़ार रुपया इकट्ठा कर दिया । पीछे गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के प्रभाव तथा आर्य्य समाज के सङ्गठित पुरुषार्थ से देश भर के दान का एक विशेष भाग इस संस्था के अर्पण होने लगा। वार्षिक उत्सव पर किसी २ वर्ष लाख-दो-लाख तक भी दान मिला है। गत वार्षिकोत्सव पर भी ६३ हज़ार चन्दा हुआ । स्थान सम्बन्धी उलझन को सर्व प्रथम मुं० अमनसिंह जी ने अपना कांगड़ी ग्राम दान देकर दूर कर दिया। उस भूमि पर बड़ी शानदार इमारत बनी। परन्तु

गंगा की बाढ़ से अपने चार्ज में लिये देश और जाति के बच्चों को सुरक्षित रखने के लिये सभा ने अब ज्वालापुर में लाखों रुपया लगाकर नये मकान में बनवा दिए हैं, जिस से दर्शकों के लिये भी अनेक प्रकार का आराम होगया है।

सम्पत्ति:—कुल सरमाया मकान तथा भूमि सहित १६ लाख रुपया से ऊपर है। कांगड़ी की भूमि १२०० बीघा है। अन्य अनेक स्थानों में भी भू सम्पत्ति है।

मिश्रित—१—लाइब्रेरी बड़ी शानदार है। रीडिङ्ग रूम में उर्दू, हिन्दी, अँग्रेज़ी आदि के बहुत से पत्र तथा रिसाले आते हैं। २—गौशाला भी बड़ीभारी है। ३—साहित्य परिषद, बागबर्धणी संस्कृत उत्साहिणी, ज्ञान परिषद, वेद परिषद, कालिज यूनियन, हिन्दी साहित्य मण्डल नाम से अनेक सभायें स्थापित हैं। ४—वार्षिक व्यय अनुमान डेढ लाख रुपया होता है। ५—वैदिक मेगज़ीन और गुरुकुल समाचार इस वर्ष से बन्द होगया है। अलंकार (हिन्दी मासिक) प्रकाशित होता है। ६—२०० से अधिक ब्रह्मचारी स्नातक की डिग्री पाकर गुरुकुल से विदा हो चुके हैं, और अनेक प्रकार से समाज सेवा के कामों में भाग ले रहे हैं।

२—शाखा गु० कु० कुरुक्षेत्र

स्था०—ला० ज्योतीप्रसाद जी रईस थानेसर ने १० हज़ार रुपया और १०४८ बीघा भूमि आ० प्र० नि० सभा पंजाब को दान देकर १ वैशाख सं० १९६९ वि० को इसे जारी कराया।

प्रबन्ध—मुख्याधिष्ठाता गु० कु० कांगड़ी इसके इञ्चार्ज हैं। स्थानीय सहायक मुख्याधिष्ठाता और निकटवर्तीय प्रान्तों के आर्य्य पुरुषों की प्रबन्ध कर्तृ सभा के द्वारा इसका सञ्चालन होता है। ला० बनवारीलाल जी अधिष्ठाता हैं और हल्दौर (बिजनौर) के प्रसिद्ध रईस ला० ठाकुरदास जी भूमि तथा बाग़ का प्रबन्ध कर रहे हैं।

शिक्षा—८ श्रेणी हैं। पं० सोमदत्त जी आचार्य्य हैं, १० योग्य अध्यापक शिक्षा सम्बन्धी कार्य्य को सन्तोषजनक रीति से कर रहे हैं।

सम्पत्ति—डेढ़ लाख की पक्की इमारत और २२०० बीघे भूमि है। भूमि तथा बाग़ की आय को इस प्रकार उन्नति करने का यत्न हो रहा है, कि गुरुकुल Self Supporting हो जाय, गत वार्षिकोत्सव पर २५०० रुपया दान आया।

मिश्रित—(१) कुरुक्षेत्र अति प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थान है। गुरुकुल के चारों तरफ़ कोई न कोई तीर्थ-स्थान अथवा प्रसिद्धि ऐतिहासिक इमारत है। कुरुक्षेत्र का तालाब, करण का खेड़ा, बानगंगा, भीष्मसर, ज्योतिसर इत्यादि। (२) गौशाला, भोजनशाला, बाग़, चिकित्सालय, विद्यालय, आश्रम सब आवश्यक मकान पक्के बन चुके हैं। (३) जलवायु अति उत्तम है और ब्रह्मचारी स्वस्थ्य रहते हैं।

३—शाखा गु० कु० भटिंडू

स्था०—१९७२ वि० में चौ० पीरूसिंह जी आदि के उद्योग से जारी हुआ।

प्रबन्ध—एक कमेटी है, १०० रुपया इकमुश्त दान देने वाला मेम्बर होता है। मुख्याधिष्ठाता आश्रम तथा विद्यालय का इञ्चार्ज है।

आर्थिक विवरण—वार्षिक व्यय १० हज़ार रुपया है, २० हज़ार रुपया के क़रीब की सम्पत्ति है। उत्सव पर दो अढ़ाई हज़ार दान आता है, शेष फ़सल के मौक़ा पर जिन्स के दान से पूरा हो जाता है। ५५ बीघा भूमि ५०००) रु० की, मकान और कुंआ ६००० रुपया का है।

मिश्रित—(१) ८ श्रेणी हैं। (२) निःशुल्क शिक्षा दी जाती है (३) गौशाला भी है। (४) ८० ब्रह्मचारी हैं।

४—शाखा गु० कु० भैंसवाल

स्था०—२३ मार्च १९२० को स्वामी श्रद्धानन्द जी के कर कमलों से इसकी बुनियाद रखी गई।

प्रबन्ध—श्री स्वामी ब्रह्मानन्द जी मुख्याधिष्ठाता, विश्वनाथ जी आचार्य्य, मलिक घासीराम जी प्रधान, फूलसिंहजी मन्त्री हैं। ५ और अधिकारी और ४२ अन्तरङ्ग मेम्बर हैं।

शिक्षा—१० श्रेणी हैं। व्याकरण साहित्य दर्शन, उपनिषदादि की शिक्षा तथा पंजाब बनारस और उपदेशक विद्यालय की परीक्षाओं का प्रबन्ध है।

आर्थिक विवरण—वार्षिकोत्सव पर ३००० चंदा हुआ, ४० बीघे भूमि तथा ७० हज़ार की इमारत आदि की सम्पत्ति है।

में भी असाधारण मिशनरी भाव मौजूद था वह भी एक ओर स्त्रियोंमें प्रचार करती और दूसरी ओर कन्याओं को पढ़ाती थीं। डाक्टर जी के काम से पौराणिक कैम्प में बड़ी हलचल पड़ी और आपका घोर विरोध हुआ। प्रैक्टिस १५०० मासिक की जगह १००) रुपये ही रह गई। भय तथा प्रलोभनादि किसी भी कारण से इस वीर ने अपने उच्च मिशन में शिथिलता न आने दी परिणाम यह हुआ कि आर्य समाज बहुत उन्नत और सुदृढ़ हो गया।

२—आर्य प्रतिनिधि सभा मोरीशस।

१९१२ में यह सभा कायम हो गई पर सरकार ने इसकी रजिस्ट्री स्वीकार न की। अतः डाक्टर जी ने आर्य परोपकारिणी सभा के नाम से रजिस्ट्री कराई और प्रचारादि काम होते रहे। २७ नवम्बर, १९२६ को आ० प्र० नि० सभा का पुनः जीवन हुआ और अब के २७ फरवरी १९२८ को इसकी रजिस्ट्री भी हो गई। २० अक्टूबर १९३२ को इस का सम्बन्ध श्रीमती सा० दे० आ० प्र० नि० सभा देहली से हुआ। बहुत से समाज आदि इसके आधीन हैं।

३—श्रीमती परोपकारिणी सभा मोरीशस।

इसकी स्थापना तथा रजिस्ट्री डा० चिरञ्जीव जी भारद्वाज के द्वारा हुई। यह सभा बड़े जोर से प्रचार कार्य करती है। बहुत से समाज इसके आधीन हैं। पोर्टलुईस में दयानन्द धर्मशाला, वैदिक प्रेस, दयानन्द वाटिका तथा समाज मन्दिर ४० हजार की सम्पत्ति है।

४—उपदेशक जो भारत से पहुंचे

१—स्वामी मङ्गलानन्द जी पुरी, आप १९१२ में गए। कुछ दिनों समाज का प्रचार करके पौराणिकों से जा मिले और समाज के विरुद्ध प्रचार करने लगे। आप इसके पीछे मुसलमान भी रहे, फिर आर्य्य समाज में आये अब समाज से पृथक किये गये हैं।

२—लक्ष्मणदत्त जी पांडे, उक्त स्वामी जी के साथ आये थे। कुछ काल वे तनिक उपदेशक के तौर पर पोर्टलुईस समाज के आधीन काम करके यहाँ से चले गए।

३—श्री डा० चिरंजीव जी भारद्वाज आप ने अति प्रेम और लग्न से काम करके समाज की स्थिति को बहुत पुष्ट किया।

४—डा० मणिलाल जी वैरिस्टर।

५—श्री स्वामी विज्ञानानन्द जी १९२३ से १९२९ तक परोपकारिणी के आधीन अच्छा काम करते रहे।

६—श्री स्वामी स्वतन्त्रानन्द जी, आप ढ़ाई साल यहाँ बड़े उत्तम रूप से प्रचार करते रहे। नेत्र रोग के कारण आपको लौटना पड़ा।

७—श्री महता जैमिनी जी, १९२५ में पधारे, १० मास परोपकारिणी सभा के आधीन अपने प्रभावशाली व्याख्यानों द्वारा प्रचार करते रहे।

५—वर्तमान प्रचारक

८—पं० नारायणदत्त जी सिद्धान्त भूषण आप उ० वि० गुरुदत्त भवन से पढ़कर वहाँ प्रचार करते हैं।

९—पं० यदुनन्दन शर्मा।

१०—पं० लक्ष्मण जी, श्याम आप दोनों सज्जन ब्रह्म महाविद्यालय लाहौर से पढ़कर अपने देश में लौटे हैं और यथा सम्भव प्रचार में सहायता देते हैं।

११—श्रीमती सौभाग्यवती देवी जी प्रतिनिधि की ओर से और पार्वती देवी जी परोपकारिणी की ओर से स्त्रियों में प्रचार करती हैं।

१—परोपकारिणी सभा के आर्य्य समाज

१—पोर्टलुईस, मनसासिंहजी प्रधान, सम्पत्ति ४० हज़ार। २—पेचितरिव्येर, शोमनाथजी प्रधान, मन्दिर १०००। ३—बोवासे ४—बेलरोज़ देवीदयालजी प्रधान, मन्दिर १५००। ५—सटेण्डले रामबालक जी प्रधान, मन्दिर ३०००। ६—बाका, जीयतधनपतजी प्रधान, मन्दिर १०००० । ७—अरिजेता, रामनारायणजी प्रधान, मन्दिर १५०० ८—रिव्येर-देज़ांगी। ९-तप्याक, श्रीकृष्ण जी प्रधान, २००० मन्दिर। १०-त्रेनाकेई। ११-बमेमेर १२—लेसेपरास, कपिलदेवजी प्रधान, ५००मन्दिर। १३—त्रियाण निगुणमहादेवजी प्रधान,मन्दिर २००। १४-सेप्येरले १५-फोंजी १६-क्युर्दिप १७-भायवर्ग, हरिचन्दगोपीजी प्रधान, मन्दिर ५०००। १८—गुडलेंस, मोहितजी प्रधान, मन्दिर २५००। १९-सामुती नारायणजी प्रधान, मन्दिर १५००। २०-रैयो, सुमारू जी प्रधान, मन्दिर २५००। २१-भुसकी, रामनारायणजी प्रधान ३०० मन्दिर। २२—क्रेवकेर, सुखदेवजी प्रधान मं० ५०० । २३—लाबुरदोने, ठाकुरदासजी प्रधान ३०००)। २४—बांसे रोड, रामकुमारजी प्रधान, १००० मन्दिर २५—गुरगोला, कोकीरजी प्रधान, ५०० मन्दिर।

आर्य प्रति नि० सभा के आ० स०

१—पोर्टलुईस, ११ स०,श्र० आ० ३०००। २—बेलरोज़ स० २६, मं० १०००। ३—अमोनी २४, स० मं० २५००। ४—लाबेनीर-१०, स० मं० ३००। ५—लालमाटी-स० १० मं० २००। ६—बेलवां, स० १०। ७—बुआर्शरी स० १२। ८—लारेन्यो स० १०। ९—

रिपाई, स० १२। १०—पीतीवर्ग—स० १७। ११—श्रोनेश स० ३२। १२ पोलार्जे स० ११। १३— तौरेल स० १० शिवदयालजी प्रधान, मन्दिर १५००। १४—स्तेन्दले स० ११ मं० २००। १५—कपूर पिपरोड। १६—आवेनी। १७—ओलिये। १८—रिवर दिवांपर। १९—सेन्ट्रल फ्लाक। २०—चोनाकोई। २१—मोताई जाको, हुकमसिंह जी प्रधान, मन्दिर १५००। २२-रिवरे दिपास्ट। २३-सेमेग्रे निये २४-केंजकातोरोड।

मिश्रित:—इनके अतिरिक्त ७० से अधिक छोटी २ और समाजें हैं, जिनके अपने मन्दिर हैं, इन सबमें रात्रि को हिन्दी पढ़ाई जाती है। टापू में १०००० से अधिक आर्य सभासद हैं।

प्रसिद्ध आर्य समाजी पुरुषों के नाम:—डाक्टर श्रीगोबिन्द लण्डन से डाक्टरी पास करके आए हैं, आर्य्य समाज का अच्छा काम करते हैं डाक्टर भागीरथी लक्ष्मीनारायन, मनसासिंह, सरनाम, सुग्रीव, हुकमसिंह, मोती मास्टर, जयनारायन, दर्शन, रामरूप, रामप्यारे, दौलतदेवी, रामकुंवर, निगुण महादेवप्रसाद, रामशरण, गोपीलाल, मणिराम, दुःखी शोभनाथ। प्रचार का काम करने वाले पण्डित यह हैं, पण्डित नारायनदत्त सिद्धान्त भूषण जी, पंडित वेनीमाधव जी, पंडित शिवशंकर जी, पंडित रामरतन जी, पंडित बलराम जी, पंडित विश्वेश्वर धुरेन्द्र जी, पंडित देवशरण जी, पंडित रामकृष्ण जी।

मोरीशस की आर्य्य जनता का प्रभाव:—हिन्दुओं मुसलमानों, फ्रेंचों, चीनियों, सब पर है, सब लोग समय समय पर धन से समाज की सहायता करते हैं, छोटे से छोटे ग्राम में भी आर्य्य समाज है, भजनों के द्वारा प्रचार बहुत होता है, लोगों को गाने का बहुत शौक़ है। हरएक समाज में एक भजन मण्डली है, प्रसिद्ध भजनोपदेशक जिनका टापू भर में अच्छा प्रभाव है, पण्डित शिवशंकर जी, पण्डित जगनन्दन जी मणिराम जी हैं।

६—मोरिशस टापू में सामाजिक संस्था।

१—आर्य वैदिक विद्यालय वाका, ५०० विद्यार्थी। सरकारी सहायता मिलती है। इमारत बहुत बड़ी है।

२—दयानन्द धर्मशाला।

३—वैदिक प्रेस।

४—आर्य पत्रिका, परोपकारणी सभा मुख पत्र। सम्पादक म० मनसासिंह जी। हिन्दी अंग्रेजी दोनों में छपता है।

५—श्रद्धानन्द प्रेस, आर्य प्रतिनिधि सभा मोरिशस की तरफ़ से।

६—आर्य वीर, साप्ताहिक हिन्दी अंग्रेजी तथा फ्रैंच भाषा में प्रतिनिधि सभा की ओर से प्रकाशित होता है। सम्पादक पं० कांशीनाथ जी।

७—आर्य कन्या पाठशाला ओमेनी, स्थानीय समाज के आधीन।

८—रात्रि पाठशाला ओमेनी, स्थानीय समाज के आधीन।

९—सरस्वती एरियन एडिड स्कूल, एक्रोपार जिलाफ्लाक, १५० विद्यार्थी, प्रतिनिधि सभा के आधीन है ।

१०—आर्य कन्या पाठशाला सेन्ट्रलफ्लाक, स्थानीय समाज के आधीन ।

११—रात्रि पाठशाला वेलरोज, स्थानीय समाज के आधीन ।

१२—रात्रि पाठशाला आनेश, स्थानीय समाज के आधीन ।

१३—रात्रि पाठशाला वेलेना, स्थानीय समाज के आधीन ।

१४—रात्रि पाठशाला पीतेवर्ग, स्थानीय समाज के आधीन ।

(१) भारतवर्ष से गए वैदिक मिश्नरी ।

(१) स्वामी राममनोहरानन्द जी आप सन् १९१३ में वहां गए आपने सामाबूला, लौटोका में प्रचार किया, जनता पर अच्छा प्रभाव पड़ा परन्तु आप पीछे गृहस्थी बन बैठे ।

(२) श्री गोपेन्द्रनारायण जी भूत पूर्व अध्यापन्न गु० कु० वृन्दाबन, आप सन् १९२५ ई० में वहां पधारे । आपके शांत व मृदुल स्वभाव के कारण आर्य समाज में नूतन शक्ति का सञ्चार होगया ।

(३) श्री पं० कृष्ण जी, उपदेशक की आवश्मकता अनुभव होने पर आपने वहां आकर प्रचार किया ।

(४) श्री अमींचन्दजी तथा आपकी धर्मपत्नी शर्वतीदेवी जी, गोपेन्द्रनारायण जी की छुट्टी के समय में आपने गुरुकुल में कार्य किया फिर सामाबूला कन्या पाठशाल में ।

(५) श्री ठा० सर्दारसिंह जी तथा आपकी धर्मपत्नी दयावती जी, आपने कुछ काल सामाबूला आ० कन्या पाठशाला में काम किया ।

(६) श्री महता जैमुनि जी, आपने यहां हिन्दी व अंग्रेजी के व्याख्यानों द्वारा सारे फिजी में प्रचार किया जिससे भारतीय जनता तथा अंग्रेजों पर भी अच्छा प्रभाव पड़ा ।

(२) आर्य्य प्रतिनिधि सभा फ़िजी ।

स्थापनाः—सन् १९१६ में द्रासा में इस सभा की स्थापना हुई । अब कार्यालय लौटोका में है ।

यह एक रजिस्टर्ड संस्था है, इसके आधीन १० समाजें हैं । श्रीमती सा० दे० आ० प्र० नि० सभा के साथ २८-३-२८ को सम्बन्ध हुआ ।

सम्पत्ति—सभा के पास इस समय लगभग ६५०००) की इमारतें हैं और १५०००)

रुपये की जमीन अर्थात् ८००००) स्थिर सम्पत्ति है। सभा का वार्षिक व्यय लगभग २०००) रुपया होता है।

मिश्रित:—१—१९१३ में समाज के सम्बन्ध में सरकार को क्रान्तिकारी संस्था होने का सन्देह हुआ, पुलिस काग़ज़ात उठा ले गई परन्तु कुछ दोष युक्त न होने से लौटा दे गई। गवर्नर को अंग्रेज़ी पुस्तक समाज के मिले तो सन्देह जाता रहा। २—१९९६ में आर्य्य सम्मेलत सूवा में हुआ, पाठशाला के लिये ३०० पौंड चन्दा हुआ, द्रासा में भी उसी वर्ष आर्य्य सम्मेलन हुआ ११०० पौंड चन्दा हुआ। ३—१९३१ में नौसौरी में भयंकर बाढ़ आई। पीड़ित जनता को समाज मन्दिर सामाबूला में पनाह तथा अन्न वस्त्र देकर समाज ने यश पाया। ४—श्री पं० कृष्ण जी द्वारा शुद्धि का बहुत कार्य हुआ। मि० जेकप मैथोडिस्ट मिशनरी को परिवार सहित शुद्ध करना बड़ा भारी काम था, श्री के० वी० सिंह जी के द्वारा यहाँ के मूल निवासियों की शुद्धि का काम शुरू है। ५—पं० कृष्ण जी तथा पं० विष्णुदेव जी ने वैदिक सन्देश नाम पत्र जारी किया। ६—२५ वर्ष बीतने पर सामाबूला में ३०, ३१ दिसम्बर १९२८ को आर्य समाज की रजत जयन्ती मनाई गई, सभापति डा० कुन्दनसिंह जी कुश थे। इस अवसर पर नगर में एक बड़ा जुलूस भी निकाला गया। ७—उच्च शिक्षा के लिये यहाँ के बालक बालिका गु० कु० वृन्दावन, डी० ए० वी० कालिज कानपुर, देहरादून, क० गु० देहरादून तथा क० म० वि० जालंधर में भेजे जाते हैं। ८—फ़िजी की समाजों के ३०० से अधिक सभासद हैं। ९—शुद्धि का काम आर्य समाज और सनातन धर्म आदि मिल कर करते हैं। एक वर्ष में २५० शुद्धियाँ हुई।

३—फ़िजी के आर्य्य समाज।

(१) सामाबूला आ० स० इस द्वीप में सबसे पहिले १९०४ में कायम हुआ। (२) नौसोरी, (३) सूबा, (४) नान्दी, (५) रा, (६) ताबुआ, (७) वा, (८), लौटोका, (९) नाशुआ, (१०) लम्बासा, (११) नन्दरोगा, (१२) तुरोकी, (१३) द्रासा।

४—आर्य स्त्री समाज सूबा।

श्रीमती शर्बतीदेवी जी (धर्मपत्नी पण्डित अमींचन्द जी) के आने पर स्त्री समाज की स्थापना हुई। आप इस में हवन तथा सत्यार्थप्रकाश का पाठ करती हैं।

५—फ़िजी की सामाजिक संस्थायें।

(१) गुरुकुल नसोबा:—५, ६ व ७ नवम्बर को बड़ा भारी उत्सव मनाया गया और १९०० पौंड धन से गुरुकुल की स्थापना हुई, पं० गोपेन्द्रनारायण जी भूतपूर्व अध्यापक गु० कु० वृन्दावन आचार्य हैं। वार्षिक व्यय लगभग १००००) के है।

(२) आर्य कन्या महाविद्यालय सामाबूला:—१०० से अधिक कन्यायें पढ़ती हैं। वार्षिक व्यय लगभग ५०००) रुपये है। अमींचन्द जी विद्यालङ्कार मुख्य अधिष्ठाता हैं।

(३) आर्य कन्या पाठशाला विशंशरी:—सन् १९२८ से इस पाठशाला का कार्य नियम पूर्वक चल रहा है। इन्स्पेक्टर शिक्षा विभाग ने इसे आदर्श विद्यालय बताया है।

शिवनन्दन जी तिवारी ने अपना निवास स्थान दान दे दिया है। आपकी धर्मपत्नी इस पाठशाला का सराहनीय काम करती हैं।

(४) आर्य अनाथालय विर्शशी:—इसके खुलवाने के लिये श्रीकृष्ण जी का उद्योग सराहनीय है।

(५) आर्य्य भवन सूबा:—सन् १९२९ में सामाबूला में आर्य्य समाज सूबा ने यह बिशाल आर्य्य भवन बनाया। इसके बनवाने में म० कन्हईसिंह जी ने अधिक परिश्रम किया है।

(६) आर्य्य भवन तुराकी:—१००००) रुपया के दान की नई भूमि मकान सहित कन्हईसिंह जी के पुरुषार्थ से लीगई है। इसमें एक रात्रि पाठशाला का काम भी होता है।

(७) आर्य भवन नौसोरी:—यह विशाल भवन १३०००) में बना है, यह भवन फ़िजी में सबसे बड़ा है, आर्य शिल्पकारों ने बिना किसी मज़दूरी लिये अपने ख़ाली समय में बनाया, जिससे बहुत अधिक धन की बचत हुई।

(८) आर्य पुत्र तथा ९ पुत्री पाठशाला रगरग:—पुत्र और पुत्रियों के लिये पृथक पृथक पाठशालायें हैं। श्री राघवानन्द जी बड़ी योग्यता से इनका संचालन करते हैं।

५—डच गायना

१—भारत से गये वैदिक मिश्नरी

१—पहिले तो अधिक प्रचार आर्य्य सामाजिक पुस्तक पहुँचने से हुआ।

२—श्री मेहता जैमुनी जी पहुँचे आपके प्रभावशाली और ओजस्वि व्याख्यानों के फल स्वरूप में वहाँ की आर्य्य जनता तथा पौराणिक जनता मुग्ध होगई और सामाजिक मनुष्यों की संख्या बढ़ गई।

३—श्री गिरजादयाल जी शर्मा:—आप यहाँ ६ वर्ष से आर्य्य समाज का बड़ी लग्न तथा योग्यतानुसार प्रचार कर रहे हैं। आप यहाँ वैदिक संस्कारों का अच्छा प्रचार कर रहे हैं।

२—निकेरी

(१) मेहता जैमुनीजी:—सन् १९२९ में एक सप्ताह में ३ व्याख्यान देकर बृटिश गायना को वापिस चले गये।

३—डच गायना के आर्य्य समाज

आर्य्य दिवाकर:—५ फ़रवरी सन् १९३० को आर्य्य दिवाकर नाम से आर्य्य समाज की स्थापना होकर सरकार द्वारा रजिष्ट्री होगई। समाज के उत्तम उद्देशयों व प्रयत्न

शीलता से जनता का समाज के प्रति विश्वास होता जाता है, सदस्यों की संख्या बढ़ती जा रही है। ४ जुलाई सन १९३० को आर्य्य समाज ने एक भूमि खरीदी है, जिसमें गौशाला, पाठशाला तथा अनाथालय के लिये पर्याप्त स्थान है।

३—डच गायना के आर्य समाज

(१)परामारीबो, हीरासिंहजी सं०-११० स०। (२) सरआका, अवतारसिंह जी सं० ६० स०। (३) करनाल र० २, जैजैरामजी सं० १५ स०। (४) कामेवाइगी, सूर्य्यसिंहजी सं० १५ स०। (५) कसावाहोलो, रामनारायणजी सं० ३० स०। (६) पाटापासी, सोमई सरदा जी सं०, ३० स०। (७) किरवलवेवती, सुखरामजी सं० १० स०। (८) कपटानेवेवती, श्यामलालजी सं० ४० स०। (९) लौखक डमवोर्ग दुरबलीजी सं० ३० स०। (१०) फैरलान्थ, शिवरनसिंहजी सं० ७० स०। (११) हन्सूसेवर्क, हुक्मसिंहजी सं० १५ स०। (१२) मीरपमवोर्ग, शिवनायकजी सं० २४ स०। (१३) अलखमार, रामदास जी सं० ५० स०। (१४) करमभोग, सरजूरामजी सं० ३५ स०। (सं=सञ्चालक—स=सदस्य)।

४—डच गायना में सामाजिक संस्थायें

आर्य्य दिवाकर खेल कमेटी:—नवयुवकों ने आपस में प्रेम और एकता बढ़ाने के लिये आर्य्य दिवाकर खेल क० नाम की समिति बनाई है जिसमें निम्नलिखित चार भाग हैं:—

(१) भजन मण्डली, (२) फुटबाल, (३) किरकिट, (४) व्यायाम, सन् १९३१ में इन विभागों के क्रमशः दलपति श्रीप्यारेलालजी, श्री सुखदेवजी भंडारी श्री चेतरामसिंह जी, तथा श्री हीरासिंहजी थे, समिति के प्रधान श्री पं० सूर्य्यप्रशाद शुकल हैं जनता समिति से बड़ी आकर्षित हैं।

५—बृटिश गायना

भारत से गये वैदिक मिशनरी।

१—पं० चन्द्रशेखर जी, आपने हिन्दी प्रचार का बड़ा ही प्रशंसनीय काम किया।

२—श्री पं० लक्ष्मण जी, आप भी हिन्दी प्रचार के लिये बड़ी लगन से काम करते हैं।

३—महता जैमिनि जी, आपने नागरी में व्याख्यान दिये तथा एक नागरी पाठशाला का उद्घाटन किया।

४—भाई परमानन्द जी:—आपके व्याख्यान बड़े प्रभावशाली हुवे जिससे आर्य समाज का काम और भी सफलता पूर्वक होने लगा।

५—पं० गिरजादयाल जी शर्मा, आप वैस्ट इण्डीज़ के समस्त उपनिवेशों में ६ साल से आर्य समाज का प्रचार कर रहे हैं।

बृटिश गायना में आर्य्य समाज

जार्जटाउन में २५ अप्रैल १९२८ ई० को आर्य समाज की स्थापना होकर रजिस्ट्री होगई है, इस समाज के आधीन ७ समाजें और हैं, ३५ स्थानों पर आर्य समाज का प्रचार हो चुका है आर्यों की कुल संख्या ५०० के लगभग है।

१—महता जैमुनि जी दिसम्बर सन् १९२८ में पधारे आपने कई व्याख्यान नागरी और अंग्रेज़ी में दिये। अंग्रेज़ी के व्याख्यानों का प्रभाव गैर भारतीयों पर अच्छा पड़ा।

२—गिरिजादयाल जी शर्मा—आपने व्याख्यानों द्वारा ८ स्थानों पर प्रचार किया।। इन स्थानों में आर्यों की संख्या १०० से अधिक है ।

३—श्री रामेश्वर जी मिश्र, आप ट्रिनीडाड में ही निवास करते हैं, आप के वैदिक सभ्यता के प्रचार तथा आपकी पुत्री कुमारी सरयुदेवी के हिन्दी प्रचार का उद्योग सराहनीय है।

४—मिश्रित:—यहाँ ८ स्थानों पर प्रचार हो चुका है। आर्यों की संख्या १०० से अधिक है।

७—लंका

कोलम्बो:—यहाँ पर श्री स्वामी शङ्करानन्द जी ७ जुलाई सन १९२९ को पधारे। आपने कितनों को ही सन्ध्या व प्राणायाम सिखाया, सहस्त्रों को यज्ञोपवीत धारण कराये। यहाँ आपने २७ हवन, १४३ पुरुष और ६८ स्त्रियों का यज्ञोपवीत संस्कार कराया। यहाँ से ३ सितम्बर सन् २९ को आप करांची गये यहाँ पर अभी समाज मन्दिर की स्थापना नहीं हुई।

जफाना:—यहाँ पर श्री स्वामी शंकरानन्द जी ने भिन्न भिन्न विषयों पर १३ व्याख्यान दिये। स्वामी जी ने २६ अक्टूबर सन् १९२७ को भारतवर्ष के लिये प्रस्थान किया।

स्थापना:—२३ मई सन् १९२० ई० को ५० सज्जनों की उपस्थिती में इस सभा का नाम वैदिक धर्म प्रचारिणी सभा रखा गया, २४ मार्च १९२१ को वार्षिकोत्सव बड़े समारोह के साथ मनाया गया। १७ सितम्बर सन् १९२२ को बृहत सभा की गई। उस में भवन बनाने का प्रस्ताव पेश हुआ और अपील की गई ६६३ टिकल (१।) रु० के लगभग १ टिकल) उसी समय प्राप्त हुये। २००० टिकल के ठेके पर समाज मन्दिर बन कर त्यार होगया। ३००० टिकल में भूमी ली गई, ३ मार्च १९३३ को इसका तीसरा वार्षिकोत्सव हुआ, २ दिसम्बर सन् १९२३ को एक विशेष अधिवेषन करके इसका नाम आर्य समाज रख दिया गया। २०० सदस्य इस समाज के हैं। यह समाज १८ अप्रैल, सन् १९२४ को यू० पी० आर्य प्रतिनिधि में प्रविष्ट हो गई।

पुस्तकालय—समाज में एक पुस्तकालय है जिसमें महर्षि कृत पुस्तकें व वेदभाष्य आदि हैं। आवश्यक सामाजिक पुस्तकें सभासदों के घरों पर भी काफी हैं। श्री डा० भगतराम जी सहगल ने यहाँ पर भी आकर प्रचार किया।

९—आ० स० सिंहापुर

श्री डाक्टर भगतराम जी सहगल के उद्योग से ८ अक्टूबर सन् १९२७ को २० सभासदों द्वारा समाज की स्थापना हुई। सभासदों की संख्या लगभग २०० है। समाज मन्दिर नहीं बना इसके लिये १ सहस्र डालर एकत्र हो चुके हैं, साप्ताहिक सत्संग नियमित रूप से होता है, इस समाज ने २० शुद्धियाँ की हैं, समाज अनाथों व अबलाओं की सहायता भी करती है।

प्रधान व मन्त्री:—श्री पं० वासुदेव शर्मा समाज के प्रधान हैं, श्री कामताप्रसाद जी मन्त्री हैं।

१०—मलाया स्टेट

आर्यसमाज कोलालामपुर—यह नगर मलाया स्टेट में है, वहाँ पर समाज स्थापित है। पं० कन्हैयालाल जी आर्योपदेशक आ० वि० सभा काशी ने प्रचार किया।

११—सुमात्रा टापू

मैदान—आर्य समाज स्थापित है। मैदान सुमात्रा टापू की राजधानी है। रायसाहब हकीम भक्तराम जी समाज के मन्त्री हैं।

उपदेशकों द्वारा प्रचार—यहाँ पर प्रचार कार्य में सर्व प्रथम डा० भगतराम जी का कार्य सराहनीय रहा।

१२—बगदाद

स्थापना:—सन् १९२२ में आर्य्य समाज की रजिस्टरी हुई, १९१९ में स्थापना तथा २५० सभासद थे परन्तु कुछ सभासदों के भारतवर्ष वापिस आ जाने के कारण अब वहाँ पर ६० के लगभग सभासद हैं श्री मानकचन्द जी गुलशन इस समाज के प्रधान हैं। आर्य्य समाज ने हिन्दुओं में मृतकों के दाह कर्म संस्कार की प्रथा चलादी है, आर्य्य त्यौहार भी मनाये जाते हैं, समय समय पर शुद्धि भी होती है। १४ मार्च सन् १९३० को इस समाज का सम्बन्ध देहली सार्वदेशिक सभा के साथ हो चुका है।

१३—लन्दन

यहाँ पर श्री टेकचन्द जी टण्डन आठ वर्ष से रहते हैं आपकी आयु लगभग ६० वर्ष की होगी, आपही यहाँ पर आर्य समाज के कार्य में सहायता देते रहते हैं। अन्य आर्य पुरुष भी यहाँ हैं। अनेक बार किसी न किसी रूप में संगठित काम करने का प्रबन्ध कई महानुभावों ने किया है। आर्यसमाज की स्थापना भी हुई है परन्तु स्थाई रूप से यहाँ समाज के जलने तथा नियमित रूप में वैदिक धर्म का प्रचार होने का प्रबन्ध नहीं हुआ। गत वर्ष म० कुंवरमल जी उपप्रधान लन्दन चेम्बर आफ कामर्स इन ग्रेट ब्रिटेन मन्त्री आर्य्य भवन मण्डल की ओर से भी समाचार छपे थे। आशा है किसीसमय यहां जोरशोर से प्रचार होने पर अन्य स्थानों की अपेक्षा बहुत अधिक सफलता होगी। कार्यक्षेत्र यहाँ बहुत विस्तृत है।

१४—जरमनी

बहुत से आर्य्य पुरुष यहाँ गये हैं। वैयक्तिकरूप से वार्तालाप तथा पुस्तकोंके द्वारा विचारों में परिवर्तन होरहा है। वहाँ के सामाजिक प्रचार सम्बन्धी समाचारों से ज्ञात होता है कि अनेक विषयों में वैदिक सिद्धान्त वहाँ के शिक्षित विभागके मस्तिष्क पर अपना सिक्का जमा रहे हैं। जर्मन के डिक्टेटर हिटलरने हुक्म दिया है कि अनार्यों को जुम्मेदारीके अधिकारों से हटा दिया जाय। उसने एरियन गजट के नाम से एक पत्र निकाला है। संस्कृत शिक्षा लाजमी कर दी है। स्त्रियों की अनुचित स्वतन्त्रता तथा नुमायश पर पावन्दियां लगा दी हैं, संस्कृत पुस्तकों के जर्मन भाषा में अनुवाद करने का हुक्म दिया है। भारतवर्ष में संस्कृत पढ़ने के लिये विद्यार्थी भेजे हैं इत्यादि। योगाभ्यास तथा प्राचीन आर्य साहित्य में वहाँ श्रद्धा भी अधिक है। श्री इन्द्रसैन जी एम० ए० प्रो० दर्शन-शास्त्रहिन्दू कालिज देहली ने निग्सवर्ग में कई व्याख्यान दिये। एक का विषय था स्वामी विरजानन्द, स्वामी दयानन्द तथा आर्य समाज।

आपको यहाँ रह कर पूरा विश्वास हुआ है कि नियमित रूप से योग्य पुरुषों के द्वारा प्रचार होने पर आर्य समाज को यहाँ पूर्ण रूप से सफलता हो सकती है।

१५—मिश्रित

१—जावा टापू:—कई स्थानों में पण्डित कन्हैयालाल जी ने प्रचार किया। २—क्वाङ्गशो टापू। ३—अमोई टापू। ४—जापान। ५—संघाई में भी पं० कन्हैयालाल जी ने व्याख्यानों द्वारा प्रचार किया।

श्रीमद्दयानन्द नि० अ० श० महोत्सव अजमेर

मथुरा में दयानन्द जन्म शताब्दी महोत्सव मनाने से पूर्व देहली में सार्वदेशिक तथा परोपकारिणी सभा का जो सम्मिलित अधिवेशन हुआ था, उस में एक पक्ष यह था कि स्वामी दयानन्द की स्मृति में अजमेर में उत्सव हो। निश्चय मथुरा के पक्ष में हुआ और वहाँ महोत्सव अपूर्व सफलता से हुआ और होता भी क्यों न, आर्य जनता ने बिना किसी मतभेद के सर्व सम्मत तथा संगठित रूप से इसकी सफलता के लिये परिश्रम किया था। अजमेर के भाइयों ने भी मथुरा के पक्ष में निश्चय होने पर पूरी प्रसन्नता से उस में योग दिया पर उन के मनों में यह इच्छा अवश्य रही कि अजमेर में भी इसी प्रकार का महोत्सव हो। हर्ष का स्थान है कि अजमेर को भी यह सौभाग्य प्राप्त हुआ और बड़ी शान से प्राप्त हुआ। इस में सन्देह नहीं कि अवस्था कुछ अधिक अनुकूल न थी। वहाँ के आर्यों के मत भेद से इस कार्य में भी त्रुटि रहने का भय था, परन्तु अर्द्ध शताब्दी कमेटी ने प्रापेगैंडा के कमाल से इस प्रतिकूल स्थिति को दबाया और पूरे तौर पर दबाया। समाचार पत्रों में लेख भेजते रहना, डेपुटेशनों का भिन्न २ प्रान्तों में जाना, आर्य जगत को प्रत्येक काम की रिपोर्ट देते रहना, आर्यावर्त तथा संसार भर की सभाओं से सत्कार पूर्वक सहयोग देने के लिये प्रार्थना करना इत्यादि अनेकानेक प्रयत्नों से अर्द्ध शताब्दी कमेटी ने प्रायः सारे आर्य जगत् को अपना सहकारी बना लिया। परिणाम यह हुआ कि अक्टूबर १४ से २० तक होने वाले इस महोत्सव पर भारतवर्ष के सारे प्रान्तों के ही नहीं चीन, जापान, नीपाल, लङ्का आदि से भी अनेक महानुभाव इस महोत्सव में श्रद्धा तथा प्रेम पूर्वक सम्मिलित हुए। दर्शकों की गणना करना बड़ा कठिन काम था। इतने विस्तृत आर्य नगर के खेमों, छपरों में ही नहीं, निकटवर्तीय ग्रामों और अजमेर जैसे बड़े नगर के अनेकानेक स्थानों में यात्री ठहरे हुए थे। अजमेर स्टेशन पर स्पेशल ट्रेनों तथा जयपुर आदि से मोटरों द्वारा आर्य जनता बड़ी भारी संख्या में आती मालूम होती थी कम से कम तखमीना ५० हज़ार का है परन्तु वास्तव में

दर्शकों की संख्या एक लाख से कम न थी

आर्य्य नगर में ठहरने तथा खाने पीने के सामान आदि का प्रबन्ध बड़े पैमाने पर किया था दुकानें काफ़ी थीं और जोश व धर्म प्रेम का दृश्य बड़ा प्रभावोत्पादक था। गाड़ियों में आते हुए गाड़ियों को मोटो, झण्डों आदि से सजाकर जहां आर्य्य यात्री देश भर में इस महोत्सव की घोषणा करते और भजनादि गाकर अपने अन्दर धर्म प्रेम तथा श्रद्धा के भाव दृढ़ करते थे वहां आर्य्य नगर में भी हर तरफ़ भजनादि तथा वैदिक धर्म और स्वामी दयानन्द की जय के नारे सुनाई देते थे। प्रायः

सभी आर्य संन्यासी और उपदेशक तथा नेतागण

सम्मिलित हुए। शाहपुराधीश श्री० ठा० उमीदसिंह जी, पं० गंगाप्रसाद जी एम० ए० बा० पूर्णचन्द जो, पं० गंगाप्रसाद जी जज टीढ़ी (गढ़वाल), प्रो० रामदेव जी बी० ए०,

प्रो० चमूपति जी एम० ए०, प्रो० सुधाकर जी एम० ए०, श्री महा० हन्सराज जी, राजा नरेन्द्रनाथ जी, बा० खुशहालचन्द जी, मा० आत्माराम जी, डा० मथुरादास जी, पं० जगन्नाथ जी नि० र० आदि अनेक महानुभाव पहुँचे। पूज्य श्रीनारायण स्वामी जी संचालक अ० शा० कमेटी तो कई दिन पहिले से ही यहाँ सारा काम अपने पथ प्रदर्शन में करा रहे थे। स्वामी सर्वदानन्द जी की विद्यमानता ने भी धर्म प्रचार के काम में पूरी सफलता की व्याख्यानों, कान्फ्रेन्सों, भाषणों और प्रस्तावों का पूरा विवरण एक बड़ी पुस्तक के बिना वर्णन होना असम्भव है। अतः हम इस महोत्सव का सारा वृतान्त सार रूप से अपने दर्शकों की भेंट करते हैं।

पहिले दिन १४ अक्टूबर को क्या हुआ

प्रातःकाल हवन और भजनादि के अतिरिक्त झंडा खड़ा किया गया और प्रार्थना के गीत होकर

श्री स्वामी सर्वदानन्द जी

ने आर्य्यों को स्पष्ट रूप से अपनी त्रुटियों को दूर करने के लिये खरी खरी बातें सुनाईं। स्वामी जी की वक्तृत्ता, आपका अनुभव और प्रेमभाव पूर्ण सत्य भाषण स्थूल दर्शियों को कुछ लाभकारी मालूम नहीं होता, परन्तु सूक्ष्मदर्शी निश्चय रखते हैं, कि हज़ारों दिलों में आपके विचार उच्च संस्कारों को दृढ़ करके बड़े २ उत्तम फल ला रहे हैं। आपके पीछे प्रो० सुधाकर जी ने श्री शाह पराधीश प्रधान शताब्दी सभा का भाषण पढ़कर सुनाया, दूर दूर से आये पुरुषों का स्वागत तथा धन्यवाद करते हुये आपने स्वामी जी के प्रादुर्भाव से पूर्व देश और जाति की अवस्था का वर्णन किया, फिर स्वामी जी के प्रचार और वेद की महिमा दर्शाकर आपने आर्यों को धर्म प्रचार सम्बन्धी कर्तव्य पालने की प्रेरणा की, भाषण का अन्तिम भाग जिसमें आपने अपने पूज्य पिता स्वर्गीय महाराज नाहरसिंह जी को स्वामी जी के सत्संग का सौभाग्य प्राप्त करने का वर्णन किया बहुत मुअस्सिर था। इसके पश्चात

श्री पं० गंगाप्रसाद जी एम० ए०

का ओजस्वी भाषण हुआ। जिसमें आपने स्वामी जी और समाज के काम से विचारों में विचित्र परिवर्तन होने के प्रमाण देकर समाज की सफलता सिद्ध की और निराशा बाद को मनों से सर्वथा दूर करके वैदिक मिशन को संसार में फैलाने के लिए पूरा प्रयत्न करने की अपील की, दूसरे पिंडाल में इस समय शिक्षा सम्मेलन की बैठक हुई जिसमें लाला हरदयाल जी (जालन्धर) का बड़ा महत्व पूर्ण भाषण हुआ, और तीसरे पंडाल में श्री गंगाप्रसाद जी जज्ज टोढ़ी का मोक्ष के साधनों पर विद्वता पूर्ण तथा युक्ति प्रमाण युक्त व्याख्यान हुआ, यह शताब्दी व्याख्यान माला का पहिला पुष्प था। आपने अँग्रेज़ी में लिखा था, पर जनता के हितार्थ इसे भाषा में देना पड़ा और जनता ने इसे बहुत पसन्द किया।

रात्रि को मुख्य पिंडाल में पं० धर्मदेव जी तथा पं० बुद्धदेव जी के मनोहर व्याख्यान हुए। वर्षा के कारण पं० बुद्धदेव जी का व्याख्यान पूरा न हो सका।

१५ अक्टूबर—दूसरा दिन।

हवन भजनादि होकर श्री स्वामी स्वतन्त्रतानन्द जी ने व्याख्यान दिया। इस विचार का आपने बड़ी उत्तमता से खंडन किया कि आर्य समाज गिर रहा है अनेक उदाहरण देकर जो प्राय: सबको स्पष्ट रूप से समझ में आरहे थे आप ने निश्चय कराया कि समाज उन्नति तथा सफलता के मार्ग पर जा रहा है। स्वामी जी के पीछे

श्री ला० खुशहालचन्द जी

ने अपने भाषण में आर्य समाज की अवस्था पर सरलता पूर्ण आलोचना करते हुए आर्य समाज को अपने अन्दर घुसे हुए नास्तिकादि से सावधान किया और देवियों से काम के लिये अपील की, दो पहर को छोटे पिंडाल में श्री स्वामी स्वतन्त्रानन्द जी के सभापतित्व में शिक्षा सम्मेलन हुआ जिस का सार "गुरुकुल शिक्षा प्रणाली" की महिमा तथा उसकी सफलता के लिये यत्न करने की प्रेरणा थी।

रात को सर्व प्रथम श्री बा० पूर्णानन्द जी प्रधान यू० पी० सभा का भाषण हुआ आपने युक्तियुक्त रूप से सिद्ध किया कि संसार की सारी कठिन समस्याओं का हल वैदिक सिद्धान्त द्वारा ही हो सकता है। पाश्चात्य फ़िलासोफ़र अर्नेस्ट हेगल की पुस्तक Riddle of the Universe को लक्ष्य रखकर आपने Idealist और Realist दो प्रकार के मनुष्यों के विचार बताए। पहिला पक्ष कहता है कि संसार कल्पना या भ्रम मात्र है केवल एक द्रव्य अवश्य है। दूसरा पक्ष कहता है इस मन्तव्य से दो पदार्थों की सत्ता सिद्ध होती है (१) जिसे भ्रम होता है। (२) जिसे यथार्थ वस्तु का भ्रम होता है। पदार्थवेत्ता Mather और Energly (प्रकृति और शक्ति) को मानते हैं शेष सब विकार हैं। साइन्स इन्द्रियों को सहायता देती है जैसे आँख को दूरबीन। प्रकृति के विकृत रूप भी विशेष नियमों के आधार पर हैं। न्यूटन ने सबको गिरता देखकर पृथिवी में आकर्षण का नियम मालूम किया तो उस ने नया नियम नहीं बनाया, केवल एक सच्चे और पूर्व से उपस्थित नियम का साक्षात् किया था। इसी प्रकार जगदीशचन्द्र बोस ने पशु तथा वृक्ष में आत्मा को सिद्ध किया है। इस प्रकार साइन्स प्रकृति को मानती है पर वैदिक सिद्धान्त कहता है कि प्रकृति में जो नियमित रूप से परिवर्त्तन होता है उसको Design करने वाली चेतन सत्ता भी अवश्य है। मेंडकों की चीरफाड़ से विद्यार्थियों को शिक्षा देने वाले मेंडक के कटे हुए टुकड़ों को जोड़ नहीं सकते। इसी प्रकार मनुष्यों की अवस्था के अनेक प्रकार के भेद फल प्रदाता शक्ति का प्रमाण है। अत: तीन अनादि का वैदिक सिद्धान्त ही संसार की गुत्थी को सुलझाता है। आपके पीछे

पं० शिवदत्त जी एम० ए० का व्याख्यान

हुआ जिसमें आपने वेदों को सर्व सत्य विद्या का भंडार तथा ईश्वरीय ज्ञान सिद्ध करने के लिये प्रबल एवं अकाट्य युक्तियां दीं। तत्पश्चात्

श्री० मेहता जैमिनी जी वैदिक मिश्नरी

का भाषण मारीशसादि में हिन्दुओं के ईसाई होने तथा शुद्धि विषय पर १० मिनट हुआ।

आर्य्य कुमार सम्मेलनः—हिन्दू महासभा के पंडाल में ८ से १० बजे तक आर्य्य कुमार सम्मेलन पूज्य मा० आत्माराम जी के सभापतित्व में हुआ, कुमारों के लिये स्वाध्याय संस्कृत हिन्दी पढ़ना, सेवा धर्मादि के सम्बन्ध में प्रस्ताव पास हुए।

आर्य सम्मेलन—एक बजे दो पहर से बड़े पिंडाल में आचार्य रामदेव जी के सभापतित्व में हुआ, पं० धर्मदेवजी ने आपका एक विद्वत्ता पूर्ण भाषण पढ़ा जिसका सार यह था कि ऋषि के सिद्धान्त सारे संसार में फैल रहे हैं। देहली में महात्मा गांधी से मिलने पर मैंने पूछा कि आपने नई बात क्या निकाली है, स्वराज्य, स्वदेशी, अछूतोद्धारादि कामों का तो स्वामी जी पहिले ही आरम्भ कर गये हैं। नमक का महसूल भी नई बात नहीं। १८७५ के सत्यार्थ प्रकाश में पहिले ही मौजूद है। महात्मा जी ने कहा तुमतो मुझे स्वामी जी को शिष्य बनाकर ही दम लोगे। मैंने कहा, बनाना क्या है आप तो पहिले ही उनके शिष्य हैं। एक मुसलमान से बातचीत हुई, उसने कहा बहिशत की। हूरें मोमनों की स्त्रियाँ ही तो हैं। ऐसी ही व्याख्या और बातों की की। मैंने कहा आप तो आर्य्य समाजी हैं उसने कहा नहीं मैं मुसलमान हूँ मैंने कहा फिर। आप आर्य समाजी हैं। मुसलमान एक ईसाई ने कहा हमारे मत में ईश्वर को पिता कहा है, मैंने कहा हमारे यहाँ उसको माता भी कहा है। रूस के कौंट टालस्टाय मेरे भेजे हुए सत्यार्थप्रकाश के पांचवें अध्याय को पढ़कर बानप्रस्थी बन गये। वराग्य की यह अवस्था थी कि अपनी स्त्री को कह दिया कि यदि मेरा पीछा करोगी तो मैं प्राण त्याग दूँगा, हुआ भी ऐसा ही। इस प्रकार के सरल उदाहरणों से आपने वैदिक धर्म का महत्व बताकर वैदिक मिशन को फैलाना आर्य्यों का परम कर्तव्य बताया। तत्पश्चात् प्रस्ताव पास हुए। सार यह था कि संस्थाओं के प्रबन्ध से अन्तरङ्ग सभा पृथक होकर धर्म प्रचार करे; सदाचार का नियम उत्तमता से पाला जाय, मन्दिरों की संस्थाओं से पाक करके उन्हें सच्चे अर्थों में धर्म स्थान बताना, परस्पर के दुख सुख में शरीक हुआ, योग शिक्षा का प्रचार किया जाए। इस अवसर पर सदाचार विषय में मतभेद हुआ, महानं हन्सराज जी ने इस महोत्सव पर ऐसे झगड़े के विषयों पर विचार करना अनुचित बताया। प्रातःकाल

१६ अक्टूबर को शानदार जुलूस निकला

बहुत से आर्य संन्यासी, सारे प्रान्तों के उपदेशक, भजनीक, गुरुकलों के निजातक, आर्य्य राजा, आर्य देवियाँ, आर्य बैंड, पुत्री पाठशालाओं, कन्या महा विद्यालयों, गुरुकुलों, स्कूलों के विद्यार्थियों तथा अनाथों की मण्डलियाँ, समाज की मण्डलियाँ, मण्डलियों के आगे बोर्ड, सबसे आगे सजा हुआ हाथी कहाँ तक लिखा जाए इस जलूस की पवित्र शान थी १ लाख तक आर्य पुरुष सम्मिलित हुए, ३ मील लम्बे जुलूस ने ६-७ मील लम्बा चक्कर काटा। स्वामी जी ने जिस कोठी में अपने प्राण त्यागे थे, वहाँ जलूस खतम हुआ।

१७ से २० अक्टूबर तक

इसी प्रकार तीनों मण्डपों में व्याख्यान कान्फ्रेन्स आदि हुए। स्वामी गंगागिरि जी ने सच्चा उपदेशक, पं० भगवद्दत जी ने अनुसंधान कार्य तथा वेद रक्षा और सिद्धान्त रक्षा विषय में पं० ठाकुरदत्त जी, अमृतधारा ने यज्ञ मय जीवन पर, पं० दीनबन्धु जी (बंगाल) ने बंगाल प्रान्त और आर्य्यसमाज विषय पर, पं० द्विजेन्द्रनाथ शास्त्री बम्बई, ने शान्ति के उपाय पर अति उत्तम तथा प्रभावशाली व्याख्यान दिये।

पं० सूर्यदेव जी शर्मा कानपुर ने "पाश्चात्य साइन्स वैदिक धर्म की शरण में" स्वा० वेदानन्द जी तीर्थ ने आत्मा और प्रमात्मा विषय पर, ला० देवीचन्द जी M. A. सञ्चालक दयानन्द "दलितोद्धार मण्डल ने आर्यसमाज के भूत तथा भावी कार्य" पर, स्वामी सर्वदानन्द जी ने आर्य्य समाजियों की त्रुटियों पर, आचार्य्य रामदेव जी ने वैदिक धर्म और वर्त्तमान विचार पर (अंग्रेज़ी में) तथा, पं० लोकनाथ जी आदि अनेक विद्वानों ने भिन्न भिन्न विषयों पर व्याख्यान दिये तथा बहुत से प्रभावशाली सम्मेलन हुए (१) टैम्प्रेंस सम्मेलन (२) महिला कान्फ्रेन्स, ३) जातपात तोड़क कान्फ्रेन्स, (४) शुद्धि सम्मेलन, (५) वर्ण व्यवस्था कान्फ्रेन्स, (६) विद्वत सम्मेलन, (७) आर्य्य सम्मेलन, (८) आर्य्य सिद्धान्त रक्षा सम्मेलन इत्यादि, इन में भी बड़े २ प्रसिद्ध व्याख्याताओं के भाषण हुए। पं० बुद्धदेव जी, पं० ईश्वरचन्द जी, पं० ब्रह्मानन्द जी, महात्मा हन्सराज जी, भाई परमानन्द जी एम० ए०, डा० भगतराम जी इत्यादि। बहुत से आवश्यक रेजोल्यूशन प्रत्येक सम्मेलन में सर्व सम्मति से पास हुए। इनके अतिरिक्त अनेक प्रकार के खेल भी दिखाये गए। गु० कु० कांगड़ी, गु० कु० सूपा के ब्रह्मचारियों के खेल के समय में उपस्थिती इतनी अधिक थी कि पिण्डाल में भीड़ के कारण हुल्लड़ मचता रहा और इस कारण से खेल न हो सके परन्तु हिन्दूमहासभा के पिण्डाल में कन्या महाविद्यालय बड़ौदा की कन्याओं के खेल शुरू करा दिये गये तो दो पिण्डालों में उपस्थिती बंट जाने से दोनों तरफ खेल अमन से हुए, कन्या महाविद्यालय बड़ौदा और आर्य्य कुमारों ने जो खेल दिखाये बहुत पसन्द किये गये। इस प्रकार उत्सव ईश्वर कृपा से निर्विघ्न तथा शान्ति पूर्वक समाप्त हुआ।

आ० प्र० नि० स० वृटिश पूर्वीय अफ्रीका

१—१९२० ई०, में पंडित ईश्वरदत्त जी विद्यालंकार के प्रधानत्व में आर्य्य कांफ्रेंस होने पर केनिया यूगंडा, ज़ंज़िवार, और टांगानीका प्रान्तों के समाजों को संगठित रूप से काम करने के योग्य बनाने के लिये इस सभा की स्थापना हुई। मि० डी० डी० पुरी उस समय के मन्त्री और वर्तमान प्रधान महोदय ने इसके लिए अत्यन्त परिश्रम किया।

२—पहिले-पहिल नैरोबी ज़ंज़िवार और कसूमू ३ समाज शामिल हुए परन्तु काम बढ़ते २ अब १५ समाजों के प्रतिनिधि सम्मिलित हैं। इन सब समाजों के नाम छप चुके हैं। उनमें लुम्बवा एक और नाम बढ़ाया जावे।

३—प्रचार कार्य्य इन स्थानों के अतिरिक्त और जगहों में भी भारतवर्ष से गए योग्य मिशनरियों द्वारा कराया जाता रहा है।

४—वह दिन बड़ा शुभ था जब समाज को सेठ नान जी कालीदास मेहता का सहयोग प्राप्त हुआ आप लोगाज़ी के सब से बड़े मिल के मालिक तथा कारखानेदार हैं। आप के ही दानादि के प्रताप से यूगंडा प्रान्त में सभा को समाज तथा गुरुकुल काँगड़ी के तरीके पर गुरुकुल नैरोबी क़ायम करने में सफलता प्राप्त हुई है। लोगाज़ी, जिंजा और कम्पाला के मन्दिर अधिकतर आपके ही दान से बने हैं। दूसरी समाजें भी अपनी संस्थाओं की उन्नति के लिए आप से ही सहायता पाती रही हैं और सेठ जी ने काठियावाड़ और बड़ौदा आदि में भी स्कूल औषधालय आदि अनेक संस्थायें अपने देशवासियों के लिये जारी करा रखी है।

५—मेहता जैमिनी जी के प्रचार ने समाजों को असाधारण पुष्टि दी है और सब आर्य्य पुरुष एक स्वर होकर मेहता जी के पुनरागमन की अभिलाषा कर रहे हैं।

६—सभा एक योग्य उपदेशक रखने के लिये बहुत यत्न कर रही है और यदि इसमें सफलता होगई तो काम का इधर बड़ा विस्तृत क्षेत्र है।

७—उत्सव सभा के प्रबन्ध से होते हैं। म० बद्रीनाथ जी जिन्होंने सारा जीवन समाज सेवा में बिताया है, आर्य्य मुनिजी वर्मा प्रिन्सिपल, आर्य्य पुत्री पाठशाला नैरोवी, ईश्वरदास जी विशारद हेडमास्टर आर्य्य पु० पा० कसूमू, दयाल जी भाई, बी० डेसाज M. A. प्रिंसिपल इण्डियन गवर्नमेण्ट स्कूल जिंजा, म० कृष्णदेव जी कपिल बी० ए० गवर्नमेण्ट इण्डियन सैकन्डरी स्कूल नैरोबी, म० तुलसीदास जी दोसाज नैरोबी, मि० रवीदत्त जी दीक्षित बी० ए० प्रिंसिपल गवर्नमेण्ट इण्डिया स्कूल कसूमू, म० संजीवन जी एलडोरेट-वार्षिकोत्सवों में सभा की ओर से प्रचार कार्य तथा अपनी २ स्थानीय समाजों का संचालन करने से धन्यवाद के पात्र हैं।

८—सारे परोपकारी कामों में आर्यों का हाथ होने से एक ओर जनता समाज से हार्दिक प्रेम करती है दूसरी ओर लोकल गवर्नमेण्ट से समाज के बड़े अच्छे ताल्लुकात हैं।

९—आर्यसमाज मचाकोस (डाइरैक्टरी पृष्ठ ११७ नं० १०) रेलवे स्टेशन—अथीरस रिवर। सदस्य संख्या ८। मासिक चन्दा २० शिलिंग। अधिकारी—मि० स्वामी दास पुरी, मन्त्री मि० देसाई भाई पटेल। मन्दिर की लागत, १५००० शि०।

संक्षिप्त इतिहास—समाज का सारा भार पुरी परिवार पर है। मैसर्स एम० डी० सन्ज ने छोटा सा सुन्दर समाज भवन १५००० शिलिंग को बनवा दिया है। आपने आर्य समाज नैरोबी, आ० पु० पा० नैरोबी तथा भारतीय आ० सा० संस्थाओं की दिल खोल कर सहायता की है। मि० डी० डी० पुरी आर्य समाज नैरोबी के बड़े पुरुषार्थी कार्यकर्त्ता हैं। सारे मुख्य २ सामाजिक काम आप के ही घोर परिश्रम से हुए हैं। वर्षों ही आप पुत्री पाठशाला नैरोबी के मैनेजर रहे आप Government India Advisory Education Board के मेम्बर हैं तथा आ० प्र० नि० सभा के प्रधान हैं। आप की सहायता से समाज का भविष्य बड़ा उज्ज्वल प्रतीत होता है।

आर्य समाज लुगाज़ी, (पृष्ठ ११७-नं० १२) यहाँ का मन्दिर सेठ नान जी कालीदास मेहता कार्यकर्त्ता प्रधान आ० प्र० नि० सभा ने १५०००) रु० की लागत से बनवा दिया

है। इसी के साथ बड़ी भारी लाइब्रेरी है जो आप के मैनेजर मि० पुरुषोत्तम वी० मेहता की स्मृति में बनी है सेठ जी की तरफ़ से एक औषधालय भी जारी है। एक दोकान से बढ़ते २ यह अच्छा नगर बन गया है, यथार्थ रूप में इसका नाम नानजी नगर या आर्य नगर होना चाहिए।

आर्य समाज जिंजा:—(पृष्ठ ११७, नं० ११) पूर्वीय यूगंडा की राजधानी झील विक्टोरिया ननजा के किनारे पर रिपन फाल के निकट बड़ा सुन्दर रमणीक स्थान है। यहाँ सब उपदेशक आदि ठहरते हैं जो इस प्रान्त में आते हैं। सेठ नानजी कालीदास, मि० दयाल जी भाई, वी० देसाई एम० ए० प्रिंसिपल गवर्नमेंट इण्डियन स्कूल पर ही अब इसकी सारी सरगर्मियाँ निर्भर हैं। जिंजा प्रसिद्ध व्यापारिक नगर है हिंदू गुजराती सौदागर धर्म कार्यों में बड़ी उदारतापूर्ण दान देने के लिए प्रसिद्ध हैं। आशा है यह समाज आजकल के मन्दे के दिन गुज़रते ही सामाजिक सुधार तथा विद्या प्रचार का भारी काम कर दिखायेगा (पृष्ठ ११६, नं० ९) मि० बृजलाल जी कमल मन्त्री हैं। आप के भारी पुरुषार्थ, और मि० सुन्दरसिंहजी तथा सेठ नानजी कालीदास जी की उदारता तथा दान-वीरता से समाज मन्दिर के लिए ज़मीन मिली, और शानदार मन्दिर भी बन गया है। यह नैरोबी को छोड़ कर सबसे शानदार मन्दिर है।

आर्य समाज लुम्बवा:—यह बड़ा रेलवे स्टेशन होने से आशा थी कि यह स्थान सामाजिक काम का बड़ा केन्द्र बनेगा, परन्तु भारी तख़फ़ीफ़ होने से बहुत से क्लर्क चले गये हैं। मि० आर० एल० कोहली मुख्य कार्यकर्त्ता हैं।

आर्य समाज मबाली:—(पृष्ठ ११६—नं० ७) "विदेशों में आर्य समाज" नामक पुस्तक के आधार पर लिखा था कि मन्दिर बना हुआ है, परन्तु यह असत्य है। समाज का काम एक पटेल एडवोकेट महोदय के कार्यालय में होता है। मि० शङ्कर भाई पटेल (Law clerk) समाज के काम में बहुत दिलचस्पी लेते हैं।

आर्य समाज ट्रोरू, (पृष्ठ ११७—नं० १३):—यह समाज विशेष रूप से रेलवे स्टाफ़ की सेवा का केन्द्र है। म० रामलाल जी स्टेशन मास्टर, सोहनलाल महेन्द्र तथा विद्यासागर जी 'सूद' मुख्य कार्यकर्त्ता हैं।

आर्य्य समाज टबोरा, (पृष्ठ ११७ नं० १४), समाज के लिए १५००० शि० की लागत से छोटा सा परन्तु सुन्दर तथा आवश्यकतानुकूल भवन बन गया है।

आर्य्य समाज मम्बासा (पृष्ठ ११६, नं० ८) समाज का मन्दिर अपना न था। हर्ष का विषय है कि इसके लिए भूमि ले ली गई है इसमें भी सेठ नानजी कालीदास जी की दानवीरता का ही हाथ है। आशा की जाती है कि आर्य्य पुरुष इसके लिए घोर परिश्रम करेंगे और शीघ्र ही यह समाज बन्दरगाह पर शानदार मन्दिर का मालिक होगा।

आर्य्य समाज कमालिया [पंजाब]

प्रधान डा० सत्यपाल जी, मन्त्री मतुराम जी, मेम्बर ४०, मासिक चन्दा २०) रु०, मन्दिर ५०००, २ अन्य मकान ४०००, भूमि १००००, नकद १३९०, सर्वयोग २०३९०। पुस्तक संख्या १००० जिनका मूल्य ६००) रु० है।

कमालिया आ० पु० पाठशाला, प्रधान डा० सत्यपाल जी, मन्त्री मतुराम जी, मैनेजर श्री मा० लक्ष्मण जी, संख्या ३८२। पढ़ाई ८ श्रेणी पंजाब यूनिवर्सिटी तक, धर्म-शिक्षा आर्य्य-शिक्षा समिति के अनुसार। सरमाया ११२९७, मकान ५००००, योग ६१२९७। १२ अध्यापिका, २६०) रु० मासिक व्यय।

गुरुकुल कमालिया, (पृष्ठ १९०, नं० ११) प्रधान लक्ष्मीचन्द जी, मन्त्री सुखदयाल जी। ८५ ब्रह्मचारी, स्पेशल श्रेणी में पंजाब यूनिवर्सिटी की तालीम दी जाती है। मकान मकान ३५०००, अध्यापक १०, अन्य कर्मचारी ५।

आर्य्य समाज भलवाल [सरगोधा]

प्रधान, मंगलसैन जी। मेम्बर, ७०। चन्दा १५) रु०, मन्दिर २०००० का। पुस्कत १५० जिनका मूल्य ३५० है।

आर्य्य समाज बंगा (जालंधर)

प्रधान, नत्थूराम जी, मन्त्री, म० जगन्नाथ जी वकील। मेम्बर, १५। मा० चन्दा ५) रुपया। मन्दिर, ३०००।

आर्य्य समाज श्यामचौरासी (होशियारपुर)

प्रधान, लाला नौवतराय जी। मेम्बर, १२। चन्दा, २) रुपया। मन्दिर, ४०००। स्त्री समाज, २००० नकद ५००० कुल ११०००। पुस्तक, ८७।

अछूत पाठशाल शा०चौ० मैनेजर लाला गुरुवरुशराय जी। १३ विद्यार्थी समाज मन्दिर में पढ़ते हैं। ग्राम प्रचार के लिये उपदेशक हैं।

आर्य्य समाज ऊना (होशियारपुर)

प्रधान, रामदित्तामल जी। मेम्बर, २५। मा० च०, ७) रु०। मन्दिर, १५०००। भूमि ९०००, कुल २४०००। ३६ पुस्तक १६४) रु० के। १९११ से कायम है। डी० ए० वी० हाईस्कूल के प्रधान, रामदित्तामल जी। मन्त्री, कृपाराम जी। मैनेजर, राजाराम जी। १७५ विद्यार्थी, ११ अध्यापक। मकान सरमाया ४०००, पं० वजीरनन्द जी बी० ए०।

दयानन्द वैदिक प्राइमरी स्कूल, ६४ विद्यार्थी २ अध्यापक। आ० स० बनभुचरा—मियांवाली—प्रधान ला० अमीरचन्दजी, मन्त्री शिवरामदासजी, मैम्बर १५, मा० च० ३।।) रु० मंदिर ४०००, एक दो का, २२५ पुस्तक मूल्य २००) रु०

आर्य्य कन्या पाठशाला रा० सा० तेजभान जी प्रधान र० स० तेजभान जी, मैनेजर अमीचन्दजी। ९४ संख्या ६५०) रु० सरमाया, समाज मन्दिर।

आ० स० डिंगा [गुजरात]

मन्त्री प्र० पं० भक्तरामजी, मं० रजाराम जयदेवजी, मकान २००००, पुत्री पाठशाला। ०००, नकद ५०) रु० पुस्तक ५००, मूल्य ८००) रु०

वैदिक कन्य पाठशाला अमृतसर, प्रधान पं० जगन्नाथ जी नि० र० मन्त्री बाबू केशवचन्दजी ४५० कन्या, मकान २०००० का आ० स० सिलावाली, पृष्ठ ८२, समधन की जगह रामधन है।

गृहस्थ में सच्चा सुख लाने वाली बहु मूल्य पुस्तकें।

दम्पत्ति मित्र (४० चित्रों सहित) इस पुस्तक में ऐसे सुगम तथा दुःख न देने वाले साइंटीफिक तरीके बताये हैं जिनसे खास हालात (बीमारी अथवा ग़रीबी आदि) में गर्भ ठहरने को रोका जा सके और अधिक सन्तान दुःख का कारण न हो यह पुस्तक पुराने वैद्यों तथा डाक्टरों के अनुभवों का निचोड़ है, इस विषय पर आज तक ऐसी सर्वाङ्ग-पूर्ण पुस्तक नहीं लिखी गई। मूल्य हिन्दी ३।।)रु० उर्दू २) रु०

विवाहितप्रेम:—प्रत्येक विवाहित स्त्री पुरुष को इसका स्वाध्याय करना चाहिये काम कला पर योरुप के सबसे प्रसिद्ध डाक्टर की पुस्तक के आधार पर लिखी गई है और काम शास्त्र विषय में इससे बेहतर और दूसरी पुस्तक आज तक प्रकाशित नहीं हुई इसके पढ़ने से मालूम हो जायगा कि आप आज तक कितनी ग़लतियां करते रहे हैं। मूल्य हिन्दी १।।) उर्दू केवल १।)

आदर्श पति:—इस खूबसूरत और शानदार पुस्तक में वह रहस्य पूर्ण बातें बताई गई हैं जिनको जान लेने से वाक़ई गृहस्थ स्वर्ग बन सकता है और जिनकी अनभिज्ञता से हम नर्क भोग रहे हैं परन्तु कुछ मनुष्यों का ऐसा विचार है कि हमें गृहस्थ सम्बन्धी सब बातों का ज्ञान है यह ग़लत है वह इस पुस्तक को पढ़कर अनुभव करेंगे कि सचमुच हम इस रहस्य पूर्ण ज्ञान से अनभिज्ञ रहे हैं। मूल्य ।।)

आदर्श पत्नी:—इसमें स्त्रियों के लिये उन गुप्त भेदों को खोला गया है जिन को जानकर वह सचमुच गृहस्थ को स्वर्ग बना सकती है पति, सास, ननद, देवर, इत्यादि सम्बन्धियों से किस प्रकार बर्ताव करना चाहिये, अपने पति को किस प्रकार प्रसन्न करना चाहिए-यह ऐसी बातें हैं, जिनका ज्ञान सब स्त्रियों के लिये अत्यावश्यक है यह पुस्तक प्रत्येक कन्या को दहेज में देनी चाहिये। मूल्य ।।।)

अञ्जना हनुमान:—वीर हनुमान और वीराङ्गना अञ्जना का जीवन चरित्र स्त्री और पुरुष दोनों के लिये शिक्षादायक है यह पुस्तक बिल्कुल नये ढङ्ग पर तैयार कराई गई है इसमें पौराणिक मन घड़न्त और कपोल कलपित बातें नहीं हैं। मूल्य सचित्र केवल १।।)

स्त्री शिक्षा:—स्त्री शिक्षा पर अपने ढङ्ग की एक मात्र पुस्तक है, ऐडीटर रोज़ाना "प्रताप" लिखते हैं "पुस्तक इस योग्य है कि हर हिन्दी पढ़ी लिखी स्त्रियों के हाथ में पहुँचा दी जावे क्योंकि उनके लिये बहुत उपयोगी पुस्तक है।" दूसरा संस्करण मूल्य ।।।)

शिशु पालन:—हज़ारों बच्चे माताओं की नासमझी, बे अक़ली और अज्ञा-नता के कारण मौत से पहलेही काल का ग्रास बन जाते हैं। सबसे मुख्य कारण इनके पालन पोषण में असावधानता है, यह पुस्तक बालकों को नीरोग तथा हृष्ट पुष्ट बनाने के अनेक भेदों से भरी पड़ी है लड़कियों को नार्मल क्लास में कोर्स के तौर पर पढ़ाई जाती है। मूल्य सचित्र और सजिल्द पुस्तक केवल १) रु०

दो सहेलियां:—दो कन्याओं में रोचक वाद, विवाद जिससे भारत की स्त्रियों में काफ़ी परिवर्तन पैदा हो सकता है पाठशालाओं में पुस्तक कोर्स के ढङ्ग पर पढ़ाई जानी चाहिये। मूल्य हिन्दी ≡)

मिलने का पता:—

म० राजपाल एण्ड सन्स प्रोप्राइटर्स,

आर्य्य पुस्तकालय, सरस्वती आश्रम, लाहौर।

नवयुवकों को धर्म, सदाचार तथा पवित्रता के

सांचे में ढालने वाली पुस्तकें

राजपूती खून (उर्दू):—राजपूताने की वीर देवियों के शौर्य धैर्य तथा साहस का अन्दाज़ा वही लगा सकते हैं जिन्होंने टाड राजस्थानका पाठ किया हो, परन्तु इतनी बड़ी पुस्तक प्रत्येक नहीं पढ़ सकता, इसलिये हमने राजस्थानकी कुछबहादुर, पतिव्रतादेशभक्तदेवियों के कारनामे जमा किये हैं, किताब ऐसे ढङ्ग पर लिखी गई है कि पढ़कर दिल खुश हो जाता है। मूल्य केवल ।-)

प्यारा धर्म:—छोटी श्रेणियों के बालक बड़ी २ धर्म पुस्तकों के पढ़ने में असमर्थ रहने के कारण सदाचार सम्बन्धी बातों का ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकते, यह छोटी सी पुस्तक इस न्यूनताको पूरा करेगी इस में बालकों की बुद्धि बढ़ाने, आचार सुधारने के अलावा आर्य सिद्धान्तों का ज्ञान भी हो जाता है, आर्य एजूकेशन कमेटी के सेकरेटरी ने आर्य स्कूलों में इस पुस्तक को जारी करने के लिये जबरदस्त सिफारिश की है। मूल्य पुस्तक उर्दू ।≈)

हमारे स्वामी (हिन्दी):—अर्थात् स्वामी दयानन्द जी का जीवन चरित्र, किसी को कट्टर आर्य समाजी बनाना हो तो स्वामी जी का जीवनचरित्र पढ़ा दो, किताब इतनी दिलचस्प है कि बच्चे से बूढ़े तक शौक़ से पढ़ते हैं। मूल्य केवल ।≈) आने।

प्यारे ऋषि की प्यारी बातें (उर्दू):—ऋषि दयानन्द का सचित्र दिल लुभाने वाला, शिक्षा दायक जीवन चरित्र ख़ास कर बच्चों के लिये तय्यार किया गया है। मूल्य केवल ।≈) आने।

धर्मकी पहली व दूसरी पुस्तक:—आजकल के स्कूलों में अक्सर धार्मिक शिक्षा की न्यूनता होने के कारण से हमारी सन्तान उत्तम एवं शुद्ध विचारों से बिलकुल कोरी रहती है इस बात को लक्ष्य रखते हुए यह धर्म की पुस्तक तय्यार की गई है, प्रत्येक गृह में इसकी एक २ प्रति तो अवश्य होनी चाहिये यह तीन भागों में विभक्त है इसमें बड़े जरूरी विषय क्रमबद्ध दर्ज किये हैं। मूल्य प्रथम भाग ≈), द्वितीय ≡), तृतीय ।) पुस्तक हिन्दी में हैं।

कुछ करके दिखा कुछ बनके दिखा (नवयुवकों के लिये) अंग्रेजी इल्मी पुस्तक का उर्दू अनुवाद। मूल्य उर्दू ।)॥

नवयुवकों के लिये तरक्की और इक़बाल के इशारे—मूल्य उर्दू ।≈) आने।

आर्डर इत्यादि का पता:—

मैनेजर—आर्य पुस्तकालय सरस्वती आश्रम लाहौर